हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 20.05.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 292 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902


## एक नजर

### पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी का निधन



**देहरादून :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का आज सुबह यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे उन्होंने पूर्वाह्न करीब सवा ग्यारह बजे यहां मैक्स अस्पताल में अंतिम श्वास ली उन्हें आयु संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण करीब पंद्रह दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पुत्री ऋतु खंडूड़ी भूषण उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष हैं जबकि पुत्र मनीष खंडूड़ी भाजपा के कार्यकर्ता हैं।

### पुतिन सितंबर में फिर करेंगे भारत का दौरा



**नयी दिल्ली :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 12-13 सितंबर को भारत में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। क्रेमलिन ने आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि कर दी है। सालभर के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा; इससे पहले वे पिछले साल दिसंबर में भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आए थे।

### घरेलू विवाद के बाद पत्नी और तीन बच्चों की हत्या

**दरभंगा :** बिहार में दरभंगा जिले के पतोर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदनपट्टी गांव में मंगलवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित ने स्वयं को भी गंभीर रूप से घायल कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक बच्चे को गंभीर अवस्था में जीवित पाया। उसे तत्काल दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस तरह इस घटना में कुल चार लोगों की जान चली गई।

# एक हफ्ते में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

प्रत्यूष नवबिहार (डेस्क रिपोर्ट)



| शहर | पेट्रोल में बढ़ोतरी | नया दाम (पेट्रोल) | डीजल में बढ़ोतरी | नया दाम (डीजल) |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 87 पैसे | 98.64 रुपये | 91 पैसे | 91.58 रुपये |
| मुंबई | 91 पैसे | 107.59 रुपये | 94 पैसे | 94.08 रुपये |
| कोलकाता | 96 पैसे | 109.70 रुपये | 94 पैसे | 96.07 रुपये |
| चेन्नई | 82 पैसे | 104.49 रुपये | 86 पैसे | 96.11 रुपये |

**रांची :** आम जनता की जेब पर महंगाई की मार एक बार फिर भारी पड़ी है। पश्चिम एशिया में जारी गहरे भू-राजनीतिक संकट के बीच, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर से इजाफा कर दिया है। आज पेट्रोल और डीजल के दामों में औसतन 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। एक हफ्ते के भीतर यह दूसरा मौका है जब तेल की कीमतों में इजाफा हुआ है। नई दरें आज सुबह से लागू हो चुकी हैं।

गौरतलब है कि तेल कंपनियों ने इस ताजा बढ़ोतरी से ठीक तीन दिन पहले यानी पिछले शुक्रवार को भी देशभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर तक का बड़ा इजाफा किया था। इस तरह एक ही हफ्ते के भीतर आम उपभोक्ताओं पर दोहरा झटका लगा है, जिससे माल ढुलाई महंगी होने और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की आशंका बढ़ गई है।

ताजा संशोधन के बाद कोलकाता में पेट्रोल की कीमतों में सबसे ज्यादा 96 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसके बाद वहां एक लीटर पेट्रोल का दाम 109.70 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, आर्थिक राजधानी मुंबई में भी पेट्रोल 107 रुपये के पार बिक रहा है, जबकि दिल्ली में पेट्रोल अब 100 रुपये के मनोवैज्ञानिक स्तर के बेहद करीब पहुंच गया है।

बाजार विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव और युद्ध जैसे हालातों के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दामों में आई तेजी का सीधा असर घरेलू बाजार पर देखने को मिल रहा है।

## मुख्यमंत्री से मिला सीआईआई का प्रतिनिधिमंडल

# झारखंड को उभरता हुआ 'इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन' बनाने पर विस्तृत चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में 'कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री' झारखंड के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस बैठक के दौरान मुख्यमंत्री और सीआईआई के प्रतिनिधियों के बीच राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने, नई निवेश नीतियों और औद्योगिक क्षेत्र की प्रगति से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान सीआईआई के प्रतिनिधियों ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच 2026 में झारखंड सरकार की ऐतिहासिक भागीदारी और यूनाइटेड किंगडम की सफल आधिकारिक यात्रा की जमकर सराहना की। प्रतिनिधियों ने इन वैश्विक मंचों के माध्यम से राज्य को मिले मजबूत 'इन्वेस्टमेंट इंटेंशन' (निवेश के प्रस्तावों) के लिए मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।


प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से कहा, वैश्विक मंचों पर झारखंड सरकार के प्रयासों ने अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का भरोसा जगाया है। झारखंड आज देश के भीतर एक उभरते हुए बेहतरीन इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित हो रहा है।

### मुख्यमंत्री से मिले दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक व रांची डीआरएम, रेल परियोजनाओं पर हुई चर्चा



# नक्सल मुक्त बस्तर को विकास और समृद्धि का मॉडल बनाएंगे : शाह

एजेंसी



**जगदलपुर :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद के खात्मे का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है और अगले पांच वर्षों में बस्तर को नक्सल मुक्त कर विकास, समृद्धि और संतृप्ति के मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब बस्तर में विश्वास और भविष्य के प्रति आशा का वातावरण दिखाई दे रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि बस्तर के विकास की कार्ययोजना में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार केवल सड़क, भवन और अन्य आधारभूत संरचना विकसित करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि स्थानीय संसाधनों पर आधारित रोजगार सृजन, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आदिवासी समुदाय की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि अब सेवा डेरों के माध्यम से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बैंकिंग, डिजिटल सेवाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सरकारी सुविधाओं की पहुंच बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर देश के अन्य हिस्सों की तुलना में विकास की दौड़ में 30-40 वर्ष पीछे रह गया है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार यहां आधारभूत संरचना, सिंचाई परियोजनाएं, रेलवे कनेक्टिविटी और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर तेजी से काम कर रही है।

## बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग के अधिकारी की संदिग्ध मौत

एजेंसी

**चटगांव (बांग्लादेश) :** पड़ोसी देश बांग्लादेश से एक दुखद खबर सामने आई है। चटगाँव में स्थित भारतीय उच्चायोग के मिशन परिसर में एक भारतीय अधिकारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, मृतक अधिकारी की पहचान नरेंद्र के रूप में हुई है, जो वहाँ असिस्टेंट सिक्योरिटी प्रोटोकॉल ऑफिसर के पद पर तैनात थे। 38 वर्षीय नरेंद्र मूल रूप से भारत के हरियाणा राज्य के रहने वाले थे और उनके पिता का नाम रामनिवास है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना मंगलवार (19 मई 2026) की सुबह की है। जब नरेंद्र ने काफी देर तक अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला, तो वहां मौजूद अन्य सहकर्मियों और अधिकारियों को किसी अनहोनी का शक हुआ।

# फलता विस सीट पर पुनर्मतदान से हटा तृणमूल उम्मीदवार, पार्टी ने बनाई दूरी

एजेंसी

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट पर 21 मई को होने वाले पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार जहांगीर खान के चुनावी मैदान से हटने की घोषणा ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में नया भूचाल ला दिया है। अपने आक्रामक तेवर और पुष्पा झुकेगा नहीं वाली छवि के कारण चर्चा में रहने वाले जहांगीर खान के अचानक पीछे हटने से राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जहांगीर खान ने कहा कि वह फलता पुनर्मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा फलता के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा किए जाने के बाद उन्होंने यह फैसला लिया है। जहांगीर ने खुद को फलता का भूमिपुत्र बताते हुए कहा कि वह क्षेत्र में शांति और विकास चाहते हैं।

# केशम द्वीप ब्लास्ट के बाद ईरान ने एक्टिव किए एयर डिफेंस सिस्टम

एजेंसी



**तेहरान :** मध्य पूर्व में जारी भारी तनाव के बीच मंगलवार को ईरान के बेहद रणनीतिक और महत्वपूर्ण केशम द्वीप पर जोरदार विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। धमाकों की गूंज के तुरंत बाद ईरानी सेना ने क्षेत्र में अपनी वायु रक्षा प्रणालियों को अलर्ट मोड पर लाते हुए सक्रिय कर दिया। होर्मुज स्ट्रेट के निकट हुई इस घटना से एक बार फिर क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति का खतरा मंडराने लगा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, केशम द्वीप के आसमान में संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि देखे जाने के बाद ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिव किया गया था। हालांकि, सुरक्षा को लेकर मचे हड़कंप के बीच ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से स्थिति साफ की है। यह विस्फोट किसी बाहरी हमले का हिस्सा नहीं थे, बल्कि एक नियमित सुरक्षा अभियान के तहत दुश्मन के पुराने और अविघटित गोला-बारूद को नियंत्रित तरीके से निष्क्रिय करने के दौरान हुए थे। इस कार्रवाई में किसी भी प्रकार के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।

ट्रंप ने रोकी ईरान पर हमले की योजना, शांति समझौते की उम्मीद एक तरफ जहां जमीनी स्तर पर तनाव दिख रहा है, वहीं दूसरी तरफ कूटनीतिक गलियारों से राहत भरी खबरें भी आ रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने की अपनी योजना को फिलहाल रोक दिया है। ट्रंप के मुताबिक, तेहरान (ईरान) की तरफ से वाशिंगटन को एक नया शांति प्रस्ताव भेजा गया है, जिसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने वाले समझौते तक पहुंचने की 'बहुत अच्छी संभावना' बन गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों ने उनसे ईरान पर हमले को कुछ दिनों के लिए टालने का अनुरोध किया था। इन देशों का मानना है कि दोनों पक्ष बहुत जल्द किसी ठोस समझौते पर पहुंच सकते हैं।



## बरही प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न

# आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य सेवा, आंगनबाड़ी, पशुपालन और बिजली व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** प्रखंड परिसर स्थित सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मनोज रजक ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने किया। बैठक में स्वास्थ्य, पेयजल, पशुपालन, राशन वितरण, बिजली व्यवस्था तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि अगले सप्ताह से पंचायतवार आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। बताया गया कि पूरे बरही प्रखंड में अब तक 54 हजार 660 परिवारों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, जिसे शीघ्र पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक के दौरान कुंडवा उप स्वास्थ्य केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के नियमित रूप से नहीं बैठने की शिकायत उठाई गई। इस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं पंचायत समिति सदस्यों ने रोस्टरवार टीकाकरण नहीं होने की शिकायत भी दर्ज कराई, जिस पर प्रभारी अधिकारियों ने अगले माह से नियमित टीकाकरण सुनिश्चित कराने का भरोसा दिया। साथ ही टीकाकरण को लेकर मासिक बैठकों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि प्रखंड अस्पताल में मलेरिया जांच, सीबीसी, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट समेत कुल 46 प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। अगले सप्ताह अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बाल विकास परियोजना विभाग से संबंधित चर्चा में बताया गया कि पूरे प्रखंड के 25 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहीं रालों आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल सुविधा को लेकर जांच कराने की बात कही गई। पशुपालन विभाग से संबंधित समीक्षा के दौरान पिछले वर्ष पशु वितरण योजना के लाभुकों की सूची मांगी गई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पिछले वर्ष जिन लोगों को पशु उपलब्ध कराए गए हैं, उन्हें पशु शेड भी उपलब्ध कराया जाएगा।



## भाजपा का किसान विरोधी सरकार के खिलाफ करेगे धरना प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हेमंत सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी और लगातार अन्याय करने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी बरही मंडल 20 मई बुधवार को सुबह 10:30 बजे से बरही प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन करेगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि बड़े बड़े वादों के साथ सत्ता में आई सरकार आज किसानों के हक, सम्मान और अधिकार को लेकर पूरी तरह मौन है, जबकि राज्य का किसान संघर्ष करने को मजबूर है। धरने के माध्यम से भाजपा ने धान का टरढ 3200 रुपये प्रति क्विंटल लागू करने, ओलावृष्टि और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने, धान खरीद में व्याप्त अव्यवस्था खत्म कर समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, सिंचाई और बिजली की गंभीर समस्या का समाधान करने, खाद बीज की लगातार बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने और किसान हित की योजनाओं में हो रही अनियमितता व भ्रष्टाचार बंद करने की मांग उठाई जाएगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि झारखंड का किसान अब वादा नहीं, अपना हक मांग रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष बरही पूर्वी विजय यादव, मंडल अध्यक्ष बरही पश्चिमी नागेश्वर रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर और मंडल सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी ने सभी ज्येष्ठ कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष और सक्रिय कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।




## एसपी ने गोरहर थाना का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा मंगलवार को गोरहर थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित आनंद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजीत कुमार विमल, परिवीक्ष्य पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार व अनुभव भारद्वाज, पुलिस निरीक्षक बरकट्ठा इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी गोरहर पुलिस अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार समेत गोरहर थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने थाना निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले थाने की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद थाना में संधारित सभी पंजियों का गहन अवलोकन किया गया। लंबित कांड, वारंट और कुर्की के मामलों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए एसपी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्याय प्रक्रिया में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावा थाना क्षेत्र में फरार चल रहे सभी अभियुक्तों को चिन्हित कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने जोर देकर कहा कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए आमजन तथा जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस का बेहतर समन्वय और संबंध बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, मालखाना, हाजत और अभिलेखों के रख-रखाव का भी जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।




## हजारीबाग में 107 करोड़ की मुख्य सड़क परियोजना का शिलान्यास, 9.5 किमी मार्ग का होगा चौड़ीकरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** मंगलवार को हजारीबाग वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन रहा जब सांसद मनीष जयसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहर की प्रमुख सड़क के वृहद पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के तहत करीब 107 करोड़ की लागत से भारत माता चौक से सिंदूर बायपास तक 9.5 किमी लंबे मार्ग का कायाकल्प होगा।

नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शुरू की गई इस परियोजना के मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, महापौर अरविंद राणा समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। विधायक प्रदीप प्रसाद ने बताया कि नया मार्ग मासीपीढ़ी, आर्यानगर, पतरातु, कोलंबस कॉलेज मोड़, बस स्टैंड चौक, चुरचू रोड, डिस्ट्रिक्ट मोड़ चौक, विकास नगर, बुन्देल नगर, प्रेम नगर, सिन्दूर चौक से होते हुए सिंदूर बायपास से जुड़ेगा।

उन्होंने कहा कि जर्जर सड़क और ट्रैफिक की समस्या का यह स्थायी समाधान होगा। रांची-पटना समेत अन्य शहरों से आवाजाही सुगम और सुरक्षित बनेगी। विधायक ने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने उम्मीद जताई कि सड़क बनने से यात्रा समय घटेगा, सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी रफ्तार मिलेगी।




## गो संरक्षण: कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री और राज्य नेताओं को सौंपा मांग पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चलकुशा :** गौ सम्मान आह्वान अभियान के पहले चरण में कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम से अंचल अधिकारी चलकुशा को समाज सेवी सह विहिप प्रखंड अध्यक्ष गोविंद पांडेयके नेतृत्व में एक मांग पत्र सौंपा है। इस मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने ने सरकार से गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, गौ आधारित कृषि और चिकित्सा को बढ़ावा देने, गौवंश रक्षण एवं संवर्धन के लिए सशक्त कानून बनाने, अलग से मंत्रालय गठित करने, गौसेवा आयोग गठित करने के साथ साथ गौपालकों के विकास के लिए योजना वद्ध तरीके से अनुदान की मांग की है। साथ ही गौहत्या कि स्थिति में स्पीडी ट्रायल कर फैसला सुनाने तथा गौहत्यारों को फाँसी देने की मांग की है। इसके अलावा गौ आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने तथा गव्य विकास के लिए समाज को प्रशिक्षित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा समुचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में समाज पुनः जागरण का कार्य करते हुए जुलाई महीने में पुनः आंदोलन करेगा। मांग पत्र सौंपने वालों में गोविंद राम, संजय पंडित, बिनोद यादव, राजकुमार पंडित, उपेंद्र यादव, इन्द्रदेव चौधरी, जिला गोरक्षा प्रमुख इन्द्रदेव प्रसाद गुप्ता, मिथिलेश कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# विधायक ने बिजली ग्रिड निर्माण को लेकर विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** क्षेत्र में चरमराई बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रौशन लाल चौधरी ने बिजली विभाग जेयूएसएनएल के वरीय प्रबंधक रूपा कुमारी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान विधायक ने क्षेत्र में बिजली की वर्तमान स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। विधायक ने पावर ग्रिड निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया

बड़कागांव बरवाडीह में बन रहे पावर ग्रिड जिसका काम काफी लंबे समय से बंद था। जिसे लेकर विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से जूझ रही है। और इस समस्या का स्थायी समाधान के लिए जेभीयूएनएल से 35 करोड़ की लागत से बरवाडीह में बन रहे नए पावर ग्रिड का निर्माण हो रहा है। परंतु निर्माण कार्य में काफी देरी हो रही है, जिस पर विधायक श्री चौधरी ने बिजली विभाग के प्रबंध निदेशक संचरण (एमडी) केके वर्मा को फोन के माध्यम से बात कर निर्देशित किया कि पावर ग्रिड के निर्माण कार्य में आ रही सभी तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं को तुरंत दूर किया जाए और युद्ध स्तर पर काम शुरू कर इसे निर्धारित तय समय पर निर्माण कार्य पूरा करने का विधायक ने निर्देश दिया है। बैठक में उपस्थित बिजली विभाग जेयूएसएनएल के वरीय प्रबंधक रूपा कुमारी और अन्य अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया कि पावर ग्रिड के निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा ताकि बड़कागांव और आसपास के क्षेत्रों को बिजली संकट से हमेशा के लिए निजात मिल सके। मौके पर बैठक में वरीय प्रबंधक जेउएसएनएल रूपा कुमारी, एबीएन टावर एंड ट्रांसमिशन लिमिटेड के प्रोजेक्ट इंचार्ज जितेंद्र कुमार,प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवेश कुमार सत्यार्थी, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, रवि राम,घनश्याम कुशवाहा,भोला महतो, एबीएन टावर एंड ट्रांसमिशन लिमिटेड के राजू कुमार,अशोक पाठक,अजय रवि, रामचंद्र साव,रैयत में मुख्य रूप से सीता देवी, पिंकी देवी, रबींद्र पासवान के साथ-साथ बिजली विभाग के कई मुख्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



## एक नजर

### विधायक के सौजन्य से राजाबागी में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**बड़कागांव:** प्रखंड अंतर्गत सिकरी पंचायत के राजाबागी में विधायक रोशन लाल चौधरी के सौजन्य से ग्रामीणों के लिए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सिकरी मुखिया प्रभु महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। ट्रांसफार्मर लगने से राजाबागी के लोगों में खुशी का माहौल देखा गया, ग्रामीणों ने इसे बड़ी राहत बताया। उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा पूर्वी पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, अरुण महतो, मुन्ना सिंह उर्फ मोहित सिंह, प्रदीप कुमार, भोला महतो, फूलचंद गिरी, के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### पोस्ता एवं अफीम की खेती पर चला पुलिस का डंडा, आरोपी गिरफ्तार



**चौपारण :** थाना क्षेत्र में अवैध पोस्ता एवं अफीम की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चौपारण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना कांड संख्या 43/26 के नामजद अभियुक्त विजय पासवान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम दनुवा, थाना चौपारण निवासी बताया गया है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि विजय पासवान के विरुद्ध अवैध रूप से पोस्ता एवं अफीम की खेती कराने का मामला दर्ज था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार छापेमारी एवं जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पोस्ता, अफीम और ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का जनता दरबार अब प्रत्येक मंगलवार को लगेगा



**बड़कागांव :** कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का बड़कागांव स्थित समाधान भवन में लगने वाला साप्ताहिक जनता दरबार अब मंगलवार की जगह हर सोमवार को आयोजित किया जा रहा है। पहले अंबा प्रसाद का जनता दरबार हर मंगलवार को लगता था अब हर सोमवार सुबह से ही लग रहा है। अंबा प्रसाद का लगने वाला जनता दरबार क्षेत्र की जनता की सुविधा और अन्य व्यस्तताओं को देखते हुए दिन में बदलाव किया गया है।सोमवार को दरबार लगने से लोगों को सप्ताह की शुरूआत में ही अपनी समस्याएं रखने का मौका मिलेगा। अंबा प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को कई क्षेत्र में बाजार लगता है और लोग अपने काम में व्यस्त रहते हैं। सोमवार को दरबार करने से ज्यादा से ज्यादा लोग अपनी बिजली, पानी, राशन, पेंशन और जमीन संबंधी शिकायतें लेकर आज लोग पहुंचे। हमारा मकसद है कि हर फरियादी की बात सुनकर उसका तुरंत समाधान कराया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### आइसीएआर झारखंड ने सिन्दूर गांव में किसानों को दिया संतुलित उर्वरक उपयोग का प्रशिक्षण




**हजारीबाग :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, झारखंड, गोरियाकरमा, हजारीबाग द्वारा 'मेरा गांव मेरा गौरव' कार्यक्रम के तहत संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान चलाते हुए सोमवार को हजारीबाग सदर प्रखंड के सिन्दूर गांव में किसानों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक डॉ सी एच श्रीनिवास राव के नेतृत्व और परिसर प्रभारी डॉ एस के महंता व नोडल पदाधिकारी डॉ बी एन मंडल के संरक्षण में संपन्न इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान सरोज देवी और जिला कृषि पदाधिकारी डॉ रायमनी हेम्ब्रम की अहम भूमिका रही। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मुकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ श्रीनिवासराघवन ए, डॉ मनोज चौधरी तथा वैज्ञानिक डॉ संतोष कुमार ने 20 किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और उर्वरकों की अधिकतम दक्षता की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में फसलों व सब्जियों में संतुलित उर्वरक उपयोग, जल प्रबंधन की भूमिका, जैव उर्वरकों का प्रयोग, प्राकृतिक खेती, बीज उपचार और आधुनिक कृषि पद्धतियों पर चर्चा की गई। वैज्ञानिकों ने किसानों को मिट्टी परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग अपनाने और जल व पोषक तत्व प्रबंधन के समन्वित उपयोग से उत्पादन व लाभ बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारीगणों और किसानों का आभार जताया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौजूद रहे।

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पीजी पाठ्यक्रमों के लिए क्रेडिट रूपरेखा तय



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए क्रेडिट रूपरेखा तय करने को लेकर मंगलवार को कौटिल्य भवन स्थित मनोविज्ञान विभाग की प्रयोगशाला में उच्च स्तरीय बैठक हुई। कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति संयोजक डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि यूजीसी के 12 जून 2024 के निदेर्शों के अनुसार विमर्श किया गया। सत्र 2026-27 से एक-वर्षीय और 2026-28 से दो-वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम लागू होंगे। बैठक में जम्मू यूनिवर्सिटी के प्रो पंकज श्रीवास्तव, इग्नू के प्रो सुदीप झा और नेहू के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो रमेश शर्मा बतौर बाह्य विशेषज्ञ शामिल हुए। तय हुआ कि प्रत्येक सेमेस्टर में पांच पत्र होंगे, हर पत्र चार क्रेडिट का होगा, कुल 20 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर। कोर्स वर्क और शोध प्रबंध पर जोर रहेगा। पांच-वर्षीय इंटीग्रेटेड पीजी कोर्स का भी प्रस्ताव लिया गया। डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि क्रेडिट रूपरेखा के बाद सभी विभागों में इडउर का गठन होगा और बाह्य विशेषज्ञों से परामर्श कर पाठ्यक्रम तैयार होगा। अंतिम अनुमोदन विद्वत परिषद से लिया जाएगा। बैठक में सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और परीक्षा नियंत्रक मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन कुलानुशासक डॉ सादिक रज्जाक ने किया।

### बरही थाना परिसर में सीओ के अध्यक्षता में थाना दिवस का हुआ आयोजन



**बरही :** मंगलवार को बरही थाना परिसर में सीओ चंद्रशेखर कुणाल की अध्यक्षता आयोजित किया गया जिसका संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया। इस अवसर पर थाना के कई पदाधिकारी,कई पंचायत के मुखिया सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर थाना क्षेत्र के कई मामले सामने आए जहां उन्होंने गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए समाधान करने के दिशा में पहल किया। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने लोगों को समझाते हुए कहा कि छोटी-मोटी समस्या को आपस में ही मिल बैठकर सुलझाना ही सबसे बड़ा बड़प्पन है। छोटी मोटी समस्या को लेकर आपस में लड़ना, झगड़ना, मारपीट करना कानून को हाथ में लेना यह मूर्खता है तथा आर्थिक व शारीरिक हानि होती है। सरकार इसी उद्देश्य से थाना दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया है ताकि छोटी-मोटी समस्याओं का निष्पादन लोग आपस में मिल बैठकर समाधान करें। इस दौरान दर्जनों मामले आए जिसमें कुछ घरेलू विवाद आपसी झगड़े एवं कुछ जमीन संबंधी भी मामले पहुंचे। थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी के सहयोग से कई मामले को ऑन द स्पॉट सलटा दिया गया। कुछ मामले जो जमीन संबंधित थे उन्हें अंचल कार्यालय से समझने की बात कही गई।

### एचपीवी टीकाकरण को लेकर अभिभावकों के साथ की गई बैठक



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में एचपीवी टीकाकरण को लेकर अभिभावकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण विशेष रूप से 14 वर्ष तक की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वे अभिभावक अपनी बेटियों को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण के लिए अवश्य आगे लाएं, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि यह टीका भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के दर्जनों कर्मी समेत सैकड़ो अभिभावक मौजूद थे।

# रांची में बिना पुलिस के कटेगा चालान: सड़कों पर लगेगा 'ई-डिटेक्शन सिस्टम', 190 करोड़ का बकाया वसूलने की तैयारी

- परिवहन विभाग को भेजा गया प्रस्ताव
- बिना पुलिसकर्मियों के सड़कों पर होगी वाहनों के कागजात और पेंडिंग चालान की जांच
- 190 करोड़ की भारी-भरकम राशि अब भी बकाया है।



कुछ बड़े शहरों में स्टार्टअप्स के साथ मिलकर एलईडी स्क्रीन्स पर पेंडिंग चालान को सीधे पब्लिश किया जाता है, जिससे मौके पर ही पड़ताल हो जाती है। रांची में भी इस सिस्टम को इंस्टॉल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ताकि करोड़ों रुपये के लंबित चालान की संख्या को जल्द से जल्द कम किया जा सके। – राकेश सिंह, ट्रैफिक एसपी, रांची

### क्यों पड़ी इस ऑटोमेटिक सिस्टम की जरूरत?

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का ऑनलाइन चालान तो कट जाता है, लेकिन जुर्माने की राशि वसूलना पुलिस के लिए एक बड़ा सिरदर्द बना हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, साल 2021 से अप्रैल 2026 के बीच रांची में बिना हेलमेट, ओवर स्पीडिंग, ट्रिपल राइडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव और रेड लाइट जंप करने जैसे मामलों में करीब सवा दो सौ करोड़ रुपये का चालान काटा गया। हैरान करने वाली बात यह है कि इसमें से केवल 30 से 40 करोड़ रुपये ही जमा हो पाए हैं, जबकि 190 करोड़ की भारी–भरकम राशि अब भी बकाया है। इस मैनुअल रिकवरी की मुश्किल को आसान करने के लिए ही ई–डिटेक्शन सिस्टम का सहारा लिया जा रहा है।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी की सड़कों पर ट्रैफिक नियमों का मखौल उड़ाने वाले वाहन चालकों पर अब सीधे डिजिटल हंटर चलने वाला है। बड़े महानगरों की तर्ज पर रांची ट्रैफिक पुलिस भी शहर में ई-डिटेक्शन सिस्टम लगाने की कवायद में जुट गई है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से परिवहन विभाग को एक औपचारिक प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर विभाग ने आगे की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

### कैसे काम करती है यह तकनीक?

यह राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और परिवहन विभाग द्वारा विकसित एक पूरी तरह से स्वचालित डिजिटल निगरानी प्रणाली है। सड़कों पर लगे एएनपीआर कैमरे के सामने से जैसे ही कोई वाहन गुजरेगा, कैमरा उसकी नंबर प्लेट को कैप्चर कर लेगा। नंबर प्लेट स्कैन होते ही सिस्टम वाहन के डेटाबेस की जांच करेगा। अगर वाहन का इंश्योरेंस फेल है, फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं है या फिर पुराना चालान बकाया है, तो उसकी पूरी कुंडली सामने लगी एलईडी स्क्रीन पर आ जाएगी। इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके लिए सड़क पर किसी पुलिसकर्मी की मौजूदगी की आवश्यकता नहीं होगी।

## एक नजर

### चोरी के दो अलग-अलग मामलों में चार गिरफ्तार

**रांची :** रांची के पिठौरिया थाना पुलिस ने चोरी के दो अलग–अलग मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने मंगलवार को बताया कि पहला मामला पिठौरिया थाना क्षेत्र से टूलू पम्प से जुड़ा है। मामले को लेकर जयदीप कुमार अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त बाइक और दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में अलफाज अंसारी और राम बाबू शामिल है। वहीं, दूसरा मामला पिठौरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली का है। इस संबंध में शहर मनी देवी पति रामचंद्र महतो ने थाने में मामला दर्ज कराया था कि घर में जबरन घुसकर एक जोड़ा पायल और 10 हजार रुपए नगद की चोरी की गई है। मामले में पुलिस में अनुसंधान के क्रम में जलेश्वर महतो एवं अबुतलहा अंसारी को गिरफ्तार किया । इनके पास से चोरी गया नगद 5,000 नगद बरामद किया गया है। दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

### वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग को घेरा

**रांची :** झारखंड में 30 जून से शुरू होने वाले मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राज्य में सियासी पारा चढ़ गया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जहाँ एक तरफ इस प्रक्रिया का स्वागत किया है, वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए उस पर 'मतदाताओं की चोरी' करने का संगीन आरोप लगाया है। कांग्रेस भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि देश में विगत दो चरणों में जो एसआईआर हुए हैं, उनमें करीब 6 करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। हमें पूरा अंदेशा है कि तीसरे चरण के इस पुनरीक्षण में भी करीब 4 करोड़ वोटरों के नाम काटे जा सकते हैं। बंगाल समेत अन्य राज्यों में जिस तरह बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, वह बेहद चिंताजनक है। ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग की मंशा अधिक से अधिक योग्य मतदाताओं के नाम लिस्ट से बाहर करने की है। फजीर्वाड़े को रोकने के लिए कांग्रेस की 'ब्लॉक लेवल' घेराबंदी चुनाव आयोग के इस अभियान का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने अपनी संगठनात्मक ताकत झोंक दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राज्यभर में करीब 29,000 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से चुनाव आयोग के नियमों के तहत 21,000 बूथों पर ब्लॉक लेवल एजेंट बनाए गए हैं। अकेले कांग्रेस पार्टी ने रिकॉर्ड 17,281 बीएलए– 2 की नियुक्ति की है, जो हर मतदान केंद्र पर मुस्तैद रहेंगे। सभी जिलों के जिला अध्यक्षों को बीएलए–1 की जिम्मेदारी दी गई है ताकि वे सीधे इस प्रक्रिया की निगरानी कर सकें। राज्य में करीब 1.94 करोड़ मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है, जबकि 70 लाख मतदाता अभी भी बाकी हैं।

# रिम्स में 'गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस' फेलोशिप संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के रिसर्च सेल द्वारा आयोजित एक महीने से अधिक लंबे 'शॉर्ट टर्म फेलोशिप इन गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस' कार्यक्रम का आज सफल समापन हो गया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम दो मॉड्यूल (6 अप्रैल से 16 मई) में चलाया गया। इसमें रिम्स और अन्य संस्थानों के प्राध्यापकों, रेजिडेंट्स और पीएचडी स्कॉलर्स को क्लीनिकल रिसर्च मेथड्स और क्लीनिकल ट्रायल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देश भर के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सफल प्रतिभागियों को समापन पर प्रमाण पत्र बांटे गए।

इस कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ रिसर्च ने रिम्स को आगामी 5 वर्षों के लिए रिसर्च ग्रांट की मंजूरी दी है। रिम्स निदेशक ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि संस्थान का लक्ष्य सिर्फ मरीजों का इलाज करना ही नहीं, बल्कि मेडिकल रिसर्च के क्षेत्र में भी देश-दुनिया में ख्याति प्राप्त करना है, ताकि यहाँ के डॉक्टरों के रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो सकें।

# डॉ. इरफान अंसारी ने राहुल गांधी से की मुलाकात स्वास्थ्य और विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे अपने लिए प्रेरणादायक और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया।



मंत्री डॉ. अंसारी के अनुसार, राहुल गांधी के साथ हुई यह बातचीत पूरी तरह से राज्य के विकास, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जनता से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रही। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने उन्हें लगातार जनता के बीच सक्रिय रहने और सामाजिक मुद्दों को मजबूती से उठाने की सलाह दी।

मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती सामाजिक असमानता और गरीब वर्गों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर और अधिक प्रभावी तथा जनसरोकार आधारित संघर्ष की आवश्यकता है, ताकि आम लोगों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिल सके।

झारखंड सरकार के कार्यों पर भी इस बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी राहुल गांधी को दी। उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों, अस्पतालों के विस्तार और चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयासों का भी उल्लेख किया।

डॉ. इरफान अंसारी ने विशेष रूप से राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी साझा की। इसमें रिम्स-2 के निर्माण की योजना, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और चिकित्सा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के प्रयास शामिल रहे। उन्होंने बताया कि इन सभी परियोजनाओं पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी राहुल गांधी को सौंपी गई।

मंत्री इरफान अंसारी के अनुसार, राहुल गांधी ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह पहल राज्य के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

बैठक के दौरान राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आने वाले समय में देश को कई सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में जनता को जागरूक करना आवश्यक है।

# थाईलैंड में गोल्ड जीतने वाली युवा शूटर देवासी हेंब्रम को बाबूलाल मरांडी ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की युवा निशानेबाज देवासी हेंब्रम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य और देश का नाम रोशन किया है। थाईलैंड में आयोजित थर्ड इंटरनेशनल राइफल शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में गोल्ड मेडल जीतने पर मंगलवार को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने देवासी की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने जो सफलता हासिल की है, वह पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित अवसर और सहयोग देने की है।

जामताड़ा जिले की रहने वाली देवासी हेंब्रम बेहद साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आती हैं। उनके पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के कारण परिवार के लिए खेल से जुड़ी महंगी ट्रेनिंग, उपकरण और प्रतियोगिताओं का खर्च उठाना आसान नहीं था। इसके बावजूद देवासी ने अपने हौसले और मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की।

संसाधनों की कमी के बावजूद देवासी लगातार अभ्यास करती रहीं और अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए रखा। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने थाईलैंड में आयोजित प्रतिष्ठित शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का तिरंगा ऊंचा किया।

सम्मान समारोह के दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देवासी जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव मदद की जानी चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपने स्तर से वे हर संभव सहयोग करेंगे, ताकि देवासी भविष्य में और बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर देश का नाम रोशन कर सकें।

# झारखंड में फिर बढ़ने लगी गर्मी डाल्टनगंज में तापमान 43 डिग्री के पार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेता नजर आ रहा है। पिछले कुछ दिनों तक बारिश और बादलों के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब राज्य में तापमान फिर बढ़ने लगा है।

मंगलवार को पलामू जिला मुख्यालय डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राजधानी रांची में भी तेज धूप और उमस के कारण लोगों को गर्मी का एहसास हुआ और यहां अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

हालांकि मौसम विभाग के अनुसार राज्य में तापमान अभी सामान्य से दो डिग्री से अधिक नहीं पहुंचा है। इसके बावजूद दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मई महीने में इस बार झारखंड के लोगों को अपेक्षाकृत कम गर्मी झेलनी पड़ी है। बीच-बीच में हुई बारिश और बदलते मौसम के कारण तापमान नियंत्रित रहा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। लेकिन अब मौसम साफ होने के साथ ही तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि देखी जा रही है।

इधर, मौसम विभाग ने आगामी दिनों को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार 20 मई और 23 मई को राज्य के पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही कई स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया गया है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से लोक भवन (राजभवन), रांची में दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार जैन ने शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने राज्य में रेलवे के विकास और यात्रियों की सहूलियत से जुड़े कई बड़े मुद्दों पर चर्चा की।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, निगमित मुख्यालय के कार्यपालक निदेशक श्री एस0 एस0 राजू ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने 20 मई 2026 को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची, परिसर में आयोजित ₹भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा सहित फीचर वॉल, उड़ान यात्री कैफे, अवसर काउंटर, किड्स जोन एवं फ्लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह₹ में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची के निदेशक श्री विनोद कुमार एवं उप महाप्रबंधक श्री मनोज प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राउंड टेबल इंडिया और लेडीज सर्कल इंडिया द्वारा निर्मित स्कूल के टॉयलेट ब्लॉक का उद्घाटन



**रांची :** सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अंतराष्ट्रीय संस्था राउंडटेबल इंडिया एवं लेडीज सर्कल इंडिया की सिटी शाखा रांची समारीटन राउंडटेबल 244 एवं लेडीज सर्कल द्वारा राजधानी रांची के हातमा स्थित सरकारी स्कूल में टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कर उद्घाटन किया गया। मौके पर राउंडटेबल 244 के चेयरमेन आकाश खोसला, लेडीस सर्कल की चेयरपर्सन शिखा खोसला, आदित्य कटारूका, पीयूष सरावगी, नेहा सरावगी, अविनाश जैन, मनीष जैन, हर्षा जैन, आयुष मोदी मौजूद रहे। मौके पर बच्चों को स्नैक्स एवं फूड पैकेट्स भी दिए गए। गौरतलब है कि लंबे समय से हातमा के इस सरकारी विद्यालय में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं । एक स्वच्छ एवं सुलभ शौचालय की कमी छात्रों को खलती थी । ऐसे में राउंडटेबल द्वारा सराहनीय पहल की गई एवं टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण संस्था ने स्वयं के व्यय से किया। उक्त जानकारी मीडिया कन्वेनर पौरुष जैन व प्रीति सर्राफ ने दी । राउंडटेबल इंडिया का मुख्य उद्देश्य फ्रीडम थ्रू एजूकेशन हैं। राउंडटेबल एवं लेडीज सर्कल ने हजाम बस्ती हटिया स्थित पारसनाथ पब्लिक स्कूल रांची एवं खूंटी में बारह क्लासरूम एवं दो ट्वयलेट ब्लॉक का निर्माण करवाया है। इस स्कूल में सैकड़ों छात्र निशुल्क अथवा अत्यंत निम्न शुल्क में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राउंडटेबल इंडिया एवं लेडीज सर्कल इंडिया युवाओं की एक सामाजिक संस्था है जो अंडरप्रिविलेज्ड बच्चों के लिए स्कूल का निर्माण करती है।

### हरमू रोड श्याम मंदिर में बजरंग बली के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज 204वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर 'राम सिया राम सिया राम जय जय राम' के सुमधुर गायन और बजरंग बली के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा। भक्तगण पूरी तरह से पवनपुत्र हनुमान जी की आराधना में लीन नजर आए। धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत मुख्य यजमान रौनक पोद्दार एवं श्रुति पोद्दार द्वारा बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर की गई। ज्योति प्रज्वलन मंडल के निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढांढनीया की देखरेख में संपन्न हुआ।

# रांची में सीआईआई और झारखंड सरकार का महामंथन: राज्य में 1.5 लाख करोड़ का निवेश तैयार, क्रिटिकल मिनरल्स के लिए बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 'नेशनल माइनिंग एंड कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन' द्वारा राजधानी रांची में झारखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय 'गवर्नमेंट-इंडस्ट्री राउंडटेबल' (गोलमेज बैठक) का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के खनन, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और आधुनिक तकनीकों को अपनाने को लेकर रणनीतिक चर्चा हुई।

बैठक में झारखंड सरकार की ओर से उद्योग एवं खान सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा, उद्योग निदेशक विशाल सागर और जियाडा के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन शामिल हुए।

वहीं, उद्योग जगत का प्रतिनिधित्व सीआईआई माइनिंग डिवीजन के चेयरमैन विवेक भाटिया, सीआईआई झारखंड के चेयरमैन दिलू पारिख और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट डी बी सुंदरा रामम सहित देश की दिग्गज माइनिंग और ओईएम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किया।

### झारखंड में 1.5 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट पाइपलाइन– अरवा राजकमल

उद्योग एवं खान सचिव अरवा राजकमल ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए राज्य की ताकत और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विजन को सामने रखा। झारखंड के पास वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 1.5 लाख करोड़ का निवेश तैयार है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का विजन राज्य में अधिक से अधिक आर्थिक समृद्धि लाना है। हालांकि, मुख्यमंत्री के इस विजन में निष्पक्ष पुनर्वास और विकास के लाभों में स्थानीय मूलनिवासी आबादी की हिस्सेदारी सुनिश्चित करना सबसे सर्वोपरि है। सचिव ने आगे बताया कि देश का लगभग 44% खनिज अकेले झारखंड में है, जो इसे खनन से जुड़े उद्योगों के लिए देश का सबसे आदर्श निवेश गंतव्य बनाता है। राज्य में खनन उपकरणों के उत्पादन का एक बड़ा हब बनने की पूरी क्षमता है। इसके लिए सरकार 'झारखंड औद्योगिक विकास नीति' को लेकर हितधारकों से लगातार सुझाव ले रही है।





रांची में क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) और रेयर अर्थ्स (दुर्लभ तत्वों) पर केंद्रित एक अत्याधुनिक 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जाएगा। भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए 'ग्राफीन' जैसी सामग्रियों और ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर (जैविक कृषि) सहित सतत सोर्सिंग के महत्व पर विचार-विमर्श हुआ। सरकार अगले 5 वर्षों के अपने खरीद दृष्टिकोण और आगामी आवश्यकताओं की मांग का खाका सीआईआई के साथ साझा करेगी ताकि उद्योग जगत पहले से तैयार रह सके।

सीआईआई माइनिंग डिवीजन के चेयरमैन विवेक भाटिया ने कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स पर बढ़ता ध्यान, खदानों का आधुनिकीकरण, क्लीनर टेक्नोलॉजी और माइनिंग उपकरणों के इलेक्ट्रिफिकेशन (विद्युतीकरण) से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में क्रांति आएगी। उन्होंने माइनिंग ऑपरेशन्स में सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए 'इन-पिट क्रशिंग एंड कन्वेइंग' सिस्टम और कन्वेयर-आधारित कोयला परिवहन पर विशेष जोर दिया।

दूसरी ओर, उद्योग जगत के सदस्यों ने कुछ गंभीर चिंताएं भी उठाईं, जैसे कि साल 2030 तक समाप्त होने वाली खदानें, नीलामी प्रक्रिया, भूमि की उपलब्धता और उन्नत तकनीकों की धीमी तैनाती।

सरकार और उद्योग जगत के बीच इस गहरे जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए, झारखंड सरकार ने 14 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आगामी 'सीआईआई माइनिंग एंड कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट समिट' में सक्रिय रूप से भाग लेने की इच्छा जताई है। राउंडटेबल का समापन झारखंड को माइनिंग और इंडस्ट्रियल सेक्टर का 'बेहेमोथ' (महाबली) बनाने के साझा संकल्प के साथ हुआ।

## एक नजर

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आम लोगों की समस्याएं

**बरही :** उपायुक्त हेमन्त सती ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में जमीन, अंत्योदय, म्यूटेशन, गैर मजूरवा जमीन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीनी विवाद, आंबेडकर आवास उपलब्ध कराने, बैटरी युक्त साइकिल देने, राशन दुकान आवंटन, दहेज प्रताड़ना, उग्रवादी हिंसा से संबंधित मुआवजा एवं नौकरी देने, एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा भुगतान, आंगनबाड़ी सेविका चयन, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, सखी मंडल में अवैध निकासी, घरेलू हिंसा, आवास, विस्थापन, सीएनटी जमीन से संबंधित मामले, मईयां सम्मान योजना, एनएचआई से मुआवजा भुगतान कराने तथा सड़क जांच से संबंधित कई मामले मुख्य रूप से शामिल रहे। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों की समुचित जांच कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

### डालसा ने की लू राहत केंद्रों की शुरूआत

**खूंटी :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लू राहत केंद्रों की शुरूआत की गई। यह पहल झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए रसिकेश कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। शहरी क्षेत्र में तीन स्थानों पर लू राहत केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें खूंटी थाना के समीप बस स्टॉप, भगत सिंह चौक और बिरसा कॉलेज खूंटी के प्रवेश द्वार के पास बाजार टांड़ शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा ने बस स्टॉप स्थित राहत केंद्र का फीता काटकर किया। इस अवसर पर डीएलएसए के सचिव, नगर पंचायत के नगर प्रबंधक मोनिश, डीएलएसए और नगर पंचायत के कर्मचारी भी उपस्थित थे। डीएलएसए की ओर से बताया गया कि भीषण गर्मी और लू के दौरान आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इन केंद्रों की स्थापना की गई है। यहां यातायात पुलिसकर्मियों, दैनिक मजदूरों, फुटपाथ पर रहने वाले लोगों, छोटे दुकानदारों और राहगीरों के लिए पेयजल, ओआरएस और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई है।

### हनुमान मंदिर की वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा

**खूंटी :** जिला अंतर्गत ग्राम सोसोटोली में हनुमान मंदिर की वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान गांव में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरूष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और जयघोष के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशी नाथ महतो और खूंटी प्रखण्ड के पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप उपस्थित रहे। इस अवसर पर काशीनाथ महतो ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और आपसी प्रेम को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी लोगों के सुख-समृद्धि एवं समाज पर भगवान की कृपा बने रहने की कामना की।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रखंड में बैंक समन्वय समिति की बैठक संपन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंक समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, स्वयं सहायता समूहों के बैंक ऋण से जोड़ने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण भुगतान, ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने, पात्र लाभुकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैंक एवं विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। साथ ही लाभुकों के बैंक खातों में ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग का कार्य जल्द पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया।

## पोषण सखी बैठक संपन्न, पोषण योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा



**जयनगर :** प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण सखियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गौतम कुमार ने की। बैठक में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के फेलो अशोक कुमार एवं सांख्यिकी सहायक संतोष कुमार ने भी भाग लिया। परियोजना क्षेत्र की सभी पोषण सखियों की उपस्थिति सुनिश्चित रही। बैठक में आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत संचालित पोषण गतिविधियों एवं विभिन्न इंडिकेटरों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बच्चों के नियमित वजन एवं लंबाई मापन, बच्चों की पहचान, पोषण ट्रैकर अद्यतन तथा क्षेत्रवार प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में सुधार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने पोषण सखियों को नियमित गृह भ्रमण, समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने तथा लाभुकों के सतत अनुश्रवण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने एवं उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# कोयला माफियाओं पर सीसीएल का बड़ा प्रहार, 52 टन अवैध कोयला जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** कोयला चोरी और अवैध कारोबार के खिलाफ सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए भूचूँगडीह गांव के समीप रेलवे लाइन किनारे छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया। इस कार्रवाई के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया। सीसीएल की सुरक्षा टीम ने मौके से करीब 52 टन अवैध रूप से जमा किया गया कोयला जब्त किया। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी आशीष झा के नेतृत्व में सुरक्षा टीम ने विराट होटल के समीप छापेमारी अभियान चलाया। स्थानीय ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर टीम ने रेलवे लाइन के पास अवैध रूप से डंप किए गए कोयले का पता लगाया। बताया गया कि चोरी किए गए कोयले को ठिकाने लगाने की तैयारी चल रही थी, लेकिन समय रहते सीसीएल सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई कर पूरे खेल का पदार्फाश कर दिया। रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक राजीव सिंह ने कहा कि सीसीएल संपत्ति और कोयला चोरी गंभीर अपराध है। खदान क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील एवं प्रतिबंधित क्षेत्र है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि खदान और रेलवे साइडिंग क्षेत्र में अनाधिकृत प्रवेश न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रबंधन या पुलिस को दें। इस विशेष अभियान में वरीय सुरक्षा निरीक्षक सह रजरप्पा परियोजना सुरक्षा प्रभारी मनोज कुमार पटेल, वरीय सुरक्षा निरीक्षक सह जीएम यूनिट सुरक्षा प्रभारी एस.एस. रवानी, सहायक सुरक्षा निरीक्षक अरुण कुमार राणा सहित कई सुरक्षाकर्मी शामिल रहे। सीसीएल प्रबंधन ने साफ किया कि कोयला चोरी के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त अभियान जारी रहेगा।

# पतरातु में डीआरडीओ कर्मी का शव पेड़ से लटका मिला, इलाके में सनसनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के पतरातु थाना क्षेत्र से मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ में कार्यरत युवक का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है।

मृतक की पहचान कमल किशोर महतो के रूप में हुई है। वह प्रभु महतो भुइंया का 35 वर्षीय पुत्र था और पतरातु थाना क्षेत्र के तालाटांड़ इलाके का निवासी बताया गया है। जानकारी के अनुसार कमल किशोर महतो बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ कार्यालय में कार्यरत था और 19 अप्रैल को अवकाश लेकर अपने घर आया था। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार देर रात करीब 11 बजे तक कमल किशोर महतो को इलाके में टहलते देखा गया था। मंगलवार सुबह तालाटांड़ पहाड़ी क्षेत्र में एक पेड़ से उसका शव लटका मिलने के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत पतरातु थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर आगे की प्रक्रिया शुरू की। पतरातु थाना प्रभारी ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। कमल किशोर महतो की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गया है। गांव में शोक का माहौल है और स्थानीय लोग घटना से स्तब्ध हैं।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट ड्राइव में चमके छात्र, 58 विद्यार्थियों को मिला रोजगार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हुई। 6 मई 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष प्लेसमेंट अभियान में विभिन्न कंपनियों ने प्रतिभावान छात्रों का चयन किया। कुल 150 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें 58 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में वेबसाइट डिजाइनर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, ग्राफिक्स डिजाइनर और गूगल एडसेंस स्पेशलिस्ट जैसे पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। चयनित विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कंपनियों का विश्वास जीता। कुलाधिपति बी.एन. साह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और विश्वविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल का परिणाम है। सचिव प्रियंका कुमारी ने प्लेसमेंट सेल की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार ऐसे आयोजन करता रहेगा। कुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल भी जरूरी है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. डॉ. अशोक कुमार तथा प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट सेल के कॉर्डिनेटर डॉ. प्रशांत कुमार, मो. रिजवान नूरी, कुंदन कुमार, साई प्रकाश, डॉ. दिलकेश्वर प्रसाद, मनोज करमाली, डॉ. सौरभ सिंह, निशा रानी एवं वैष्णवी ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में समर कैंप की हुई शुरूआत

**खूंटी :** खूंटी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में मंगलवार से तीन दिवसीय समर कैंप की शुरूआत हुई। 19 से 21 मई तक चलने वाले इस कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से तीरंदाजी, खेलकूद, कला, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय में मुख्य रूप से अनाथ, एकल अभिभावक और नक्सल प्रभावित परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं। समर कैंप के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पैरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी जटाशंकर चौधरी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पैरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के पूर्व अध्यक्ष विनय कुमार दत्ता शामिल हुए।

# मजदूर हित और विकास को लेकर जनता मजदूर संघ की बिरसा प्रबंधन संग हुई बैठक, विस्थापितों के मुद्दों पर बनी सहमति



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बिरसा परियोजना कार्यालय में मंगलवार को जनता मजदूर संघ और परियोजना प्रबंधन के बीच परिचय सह समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मजदूर हित, उद्योग हित और विस्थापित परिवारों के अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने क्षेत्र के विकास और श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक के दौरान जनता मजदूर संघ के नेताओं ने प्रबंधन से कहा कि परियोजना संचालन के साथ-साथ मजदूरों की सुरक्षा, रोजगार, सुविधाओं और विस्थापित परिवारों के अधिकारों को प्राथमिकता दी जाए। संघ ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रहित और उद्योगहित तभी मजबूत होगा, जब मजदूर और स्थानीय लोग संतुष्ट रहेंगे। परियोजना पदाधिकारी मनोज पांडेय, कार्मिक प्रबंधक विकास रंजन और कार्मिक प्रबंधक सौम्या ने यूनियन की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिया। प्रबंधन ने कहा कि श्रमिकों और स्थानीय लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाएगा तथा बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास जारी रहेगा। परिचय बैठक में जनता मजदूर संघ की ओर से केंद्रीय उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य निशी पांडेय, केंद्रीय सचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद, रीजनल उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष चमन मुंडा, क्षेत्रीय सचिव दशरथ कुर्मी, रवि गिरी, संतोष कुमार, राजेश बेदिया, शिवचरण करमाली, दिलीप राम, विजय राम, बले मुंडा, गोपाल यादव और मदन करमाली सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। यूनियन और प्रबंधन दोनों ने भविष्य में आपसी संवाद और समन्वय के जरिए क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान निकालने पर सहमति जताई।

## संक्षिप्त खबरें

### कटिया मार्केट में पीवीयूएनएल का स्वच्छता अभियान, लोगों को दिया जागरूकता का संदेश




**रामगढ़ :** स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) द्वारा मंगलवार को कटिया मार्केट क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर बाजार क्षेत्र की साफ-सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भी अच्छी भागीदारी देखने को मिली। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.के. सहगल ने किया। इस दौरान अनुपम मुखर्जी, मनीष खेतरपाल और जियाउर रहमान सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कटिया मार्केट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन वितरित और स्थापित किए गए ताकि लोग कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय निर्धारित स्थान पर डालें। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में आम लोगों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और आसपास के क्षेत्र को साफ रखने में सहयोग करें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.के. सहगल ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

### गोला और बरलंगा थाना पहुंचे पुलिस अधीक्षक, लंबित मामलों और अपराध नियंत्रण व्यवस्था की समीक्षा



**रामगढ़ :** जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को गोला और बरलंगा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना संचालन, लंबित मामलों की स्थिति, रिकॉर्ड संधारण और अपराध नियंत्रण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने दोनों थाना क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति और संवेदनशील इलाकों के बारे में जानकारी ली। साथ ही थाना में पदस्थापित और प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों के कार्य विभाजन की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सिरिस्ता अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित वारंट, कुर्की और सम्मन के निष्पादन की स्थिति की जांच की। इसके अलावा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, आरोपपत्रित अपराधियों के भौतिक सत्यापन और लंबित मामलों के अनुसंधान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को पुराने मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में लंबित चरित्र सत्यापन और पासपोर्ट सत्यापन कार्यों की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस प्रविष्टि और ई-साक्ष्य से जुड़े मामलों को समय पर अपडेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था को मजबूत कर पुलिस कार्य प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण, रिकॉर्ड संधारण और आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लंबित मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी।

### विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**झुमरी तिलैया :** 90 दिन गहन विधिक जागरुकता शिविर के तहत सीडी गर्ल्स हाई स्कूल झुमरी तिलैया में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डिफेंस काउंसिल की अधिवक्ता किरण कुमारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को उचित माध्यम से उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही कानून के प्रति जागरूक करना है। जिससे अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंच सके। उन्होंने महिला प्रताड़ना एवं पोक्सो एक्ट, आईटी एक्ट, सहीत कई कानून की ज जानकारी दी। वही अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, शिक्षा का अधिकार, अधिकार और कर्तव्य पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून की अवहेलना करने पर दंड का प्रावधान है। वहीं उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है जिसे हम सभी को मिलकर दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करना या कराना या उसमें शामिल होना कानूनन दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा, रमाकांत मिश्रा के नेतृत्व मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित योजनाओं, रिक्त पदों, आधारभूत संरचनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने एनएचएम के विभिन्न पदों में रिक्तियों की जानकारी प्राप्त की तथा रोस्टर क्लियर होने के उपरांत आवश्यक अर्हता निर्धारित कर विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश दिया। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के बाद स्क्रूटनी कमेटी गठित कर आवेदनों की जांच करने एवं दावा-आपत्ति निराकरण समिति बनाकर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही 15 अगस्त 2026 तक सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने डिलीवरी वार्ड में दक्ष एवं अनुभवी चिकित्सा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने कम्युनिटी हेल्थ सेंटरों में संवेदनशील एवं बेहतर कार्य करने वाली एएनएम एवं सीएचओ की ड्यूटी लगाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्रों में एमजीपीएस पाइपलाइन की जांच कर आवश्यक मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। पीएसए प्लांट बरही को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध उपकरणों के समुचित उपयोग एवं खराब उपकरणों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया।

### महिला ने पति और सास पर दहेज और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाये

**पूर्वी सिंहभूम :** सोनारी थाना क्षेत्र की रहने वाली हेमलता वर्मा ने अपने पति कुणाल वर्मा, सास रंजीता वर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उनके साथ साजिश रचकर धोखे से शादी करायी गई, जबकि पति पहले से विवाहित था। इसके अलावा दहेज की मांग, शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, मारपीट, गहने छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। हेमलता ने पुलिस को बताया कि नवंबर 2024 में आरोपित पक्ष के लोग उनके घर पहुंचे और कुणाल वर्मा को नोवामुंडी माइंस में सुपरवाइजर बताते हुए विवाह का प्रस्ताव रखा। परिवार को यह भरोसा दिलाया गया कि शादी के बाद उनकी बेटी सुखी जीवन बिताएगी।

# चुआड सेना ने लोकभवन में रघुनाथ महतो की मूर्ति स्थापना को लेकर राज्यपाल से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** आभूमु चुआड सेना के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगुवार से मुलाकात किए, मुलाकात के दौरान चुआड सेना ने प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ जगदीश चंद्र झा की। भूमिज रिवॉल्ट पुस्तक आदिवासी अंग वस्त्र एव गुलदस्ता भेंट किए ,विषय -लोकभवन परिसर पर शैलेन्द्र महतो ने रघुनाथ महतो का मूर्ती को राज्यपाल को भेंट किया गया था एव लोकभवन परिसर मे काल्पनिक रघुनाथ महतो का मूर्ती को स्थापित किए जाने के संदर्भ मे।

इस संदर्भ मे चुआड सेना के अध्यक्ष मानिक सरदार ने राज्यपाल महोदय को खुलकर अपनी बातो को रखा और कहा 13 को पुर्व सांसद शैलेंद्र महतो द्वारा रघुनाथ महतो का प्रतिमा राज्यपाल को भेंट करने और लोकभवन मे माल्यार्पण करना का कृत्य अंतयत दुर्भाग्यपूर्ण और असंवेदनशील और आदिवासी भूमिज समुदाय की भावनाओ को ठेस पहुंचाने वाला कार्य है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा काल्पनिक रघुनाथ महतो के इस विषय पर रांची न्यायालय मे मामला विचाराधीन है। लोकभवन पर सार्वजनिक रूप से प्रतिमा भेंट करना न्यायिक प्रकिया का अनदेखी और समाज के बीच अनावश्यक विवाद पैदा कराने का प्रयास है। प्रतिनिधिमंडल ने आगे कहा रघुनाथ महतो को चुआड़ वासी विद्रोह का महानायक भूमिज समुदाय नही मानता है,और इस विषय पर भूमिज समाज की स्पष्ट एव पुरानी अपति रही है। राज्यपाल महोदय से वार्ता के दौरान चुआड सेना के प्रतिनिधिमंडल को राज्यपाल का मौखिक अशवासन प्राप्त हुआ कि लोकभवन परिसर मे रघुनाथ महतो का प्रतिमा स्थापना को लेकर अब तक कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नही कि गई है। तथा भूमिज समुदाय का चिंताओ को गम्भीरतापूर्वक से सुना राज्यपाल महोदय को सौपे गया ज्ञापन मे न्यायालय के अंतिम निर्णय तक इस विषय मे किसी भी प्रकार की आधिकारिक मान्यता या सार्वजनिक सम्मान पर रोक लगाने, लोकभवन की तटस्थता बनाए रखने तथा समाज के साथ विस्तृत संवाद सुनिश्चित करने की मांग गई है। आभूमु चुआड सेना ने स्पष्ट किया कि न्यायालय मे लंबित विषयो को अनदेखी कर समाज की भावनाओ से खिलवाड किसी भी स्थिति मे स्वीकार्य नही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों ने की ग्राम सभा कई विशिष्ट शामिल, 22 मई को डीसी कार्यालय के समक्ष करेंगे धरना प्रदर्शन



**बड़कागांव :** कोल कंपनियों के खिलाफ गोंदलपुरा गांव में ग्रामीणों के द्वारा 1135 दिनों से अनिश्चितकालीन सतत धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मंगलवार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने ग्राम सभा की ,जिसमें आम आदमी पार्टी के झारखंड राज्य के प्रदेश प्रभारी शिवचरण गोयल पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग बिल्कुल जायज है, अपनी जल जंगल जमीन को बचाने के लिए पिछले तीन वर्षों से ग्रामीणों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। सरकार को ग्रामीणों की हित में समझते हुए इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वही विकास कुमार ने कहा कि हम लोगों की जमीन अपने पूर्वज के जमाने से चार फसली जमीन है इसी जमीन खेत से हम लोग अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई जीविका पार्जन करते हैं ,इतना ही नहीं हम लोग दूसरे राज्यों को सब्जी, अनाज भी मुहैया कराते हैं। हम लोग किसी भी हालत में अपनी जमीन, किसी भी कोल कंपनी को नहीं देंगे। हम भारी संख्या में रैयत लोग 22 मई को हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर कोल कंपनियों का विरोध प्रदर्शन करेंगे। मौके पर प्रभात,प्रीतम, अमित,कृष्णा,राजेश लिंडा, जीसन सूबेदार ,शशि, दीपक दास, रामकुमार आदि कई विशिष्ट लोग उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर पटमदा व बोड़ाम थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**पटमदा :** बकरीद को लेकर मंगलवार को पटमदा व बोड़ाम थाना में थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। पटमदा थाना में समिति की अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रदीप बेसरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें काफी संख्या में समिति की सदस्यों मौजूद रहे। बैठक में पटमदा थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता ने कहा कि अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी बकरीद की त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं । उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी तरह अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने बैठक में शामिल सदस्यों को प्रशासन को मदद करने की आग्रह किया है। इसके अलावे बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान करने की मांग की गई है। बैठक में जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, पंचानन दास, गोपाल गोराई, कृष्णपद सिंह, शरत सिंह, नीलरतन पाल, खादिम अंसारी समेत काफी संख्या में समिति की सदस्यों मौजूद थे। दूसरी ओर बोड़ाम थाना में भी मंगलवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

# 23 को बरही में प्रतिभा सह विद्यालय सम्मान समारोह: टॉपर छात्र और स्कूल होंगे सम्मानित

- स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक में कार्यक्रम की बनी रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति की ओर से आगामी 23 मई को टाउन हॉल बरही में प्रतिभा सह विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर पुस्तकालय परिसर में ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो हीरामन साव की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट एवं संचालन समिति की संयुक्त बैठक हुई। संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार दत्त और सचिव संजय कुमार दूबे ने बैठक का संचालन किया।

बैठक में जानकारी दी गई कि समारोह में बरही प्रखंड के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों से मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में अपने स्कूल के टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित टॉपर के विद्यालय के प्रधान को भी विद्यालय सम्मान के तहत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। डॉ सुनील कुमार दत्त और संजय दुबे ने बताया कि सभी विद्यालयों के टॉपर बच्चों और विद्यालयों की सूची तैयार कर ली गई है। इसी दिन आधुनिक रूप से सुसज्जित पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। बैठक में प्रो हीरामन साव, कृष्णा प्रजापति, रमेश ठाकुर, सतेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रामचंद्र साव, रंजीत सिंह, मनोज घोष, मिथलेश कुमार, दीपक कुमार, दिनेश्वर यादव, विकास विश्वास समेत कई लोग मौजूद रहे।

### माँ विंध्यवासिनी कॉलेज में फ्रेशर पार्टी की धूम बबली बनीं मिस फ्रेशर व दीपक बने मिस्टर फ्रेशर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पदमा :** पदमा प्रखंड स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को बीएड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं द्वारा सत्र 2025-27 के नवप्रशिक्षुओं के स्वागत में रंगारंग फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। आयोजन प्रो. अविनाश कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ, जबकि इसकी अध्यक्षता डॉ. चेतलाल प्रसाद ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. अनूप कुमार मेहता, अजीत कुमार एवं विकास कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. अनूप कुमार मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि आज का समय कड़ी प्रतिस्पर्धा का है, जिसमें सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर नियमित अध्ययन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु गुनगुन कुमारी एवं प्रिया वर्मा ने आकर्षक अंदाज में किया। इस दौरान नवप्रशिक्षुओं ने डांस, मिमिक्री, शायरी, कविता पाठ, स्टैंडअप कॉमेडी, रैंप वॉक तथा फोटो सेशन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

### ग्रामीणों ने नक्श कंपनी के खिलाफ किया रोड जाम, चार महीने से वेतन नहीं मिलने का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** केरेडारी कोल माइंस से एनटीपीसी तक ट्रांसपोर्ट करने वाली कंपनी नकाश ने ग्रामीणों को चार महीना से प्रदूषण का पैसा नहीं दिया है जिससे बाध्य होकर पांडू तरेहसा के महिलाएं रोड जाम कर दी है कल रात से ही नकाश के मनमानी के खिलाफ' इसके कर्ताधर्ता विकास जैन एवं अरुण सिंह है जो nakash कंपनी से पैसा लेकर ख' गया है और ग्रामीणों को पैसा नहीं दे रहा है। आए दिन nakash कंपनी के कर्ताधर्ता विकास जैन और अरुण सिंह के द्वारा यहां के अगल-बगल ग्रामीण को शोषण कर रहा है और तो और नक्श कंपनी में काम करने वाले ड्राइवर लोग को भी समय से वेतन नहीं दे रहा है ना ही हाई पावर कमेटी का पैसा दे रहा है जितने भी नक्श कंपनी के द्वारा कर्मचारी को रखा गया है उसको 8000 महीना पर 24 घंटा काम कराया जा रहा है जो हाई पावर कमेटी का मजाक उड़ा रहा है इसलिए राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की केरेडारी कॉल परियोजना कमेटी के प्रोजेक्ट सेक्रेटरी मोहम्मद हफीज आतरी एवं जोनल सचिव मोहम्मद जहूर जहूर जहूर ने नकाश कंपनी पर कड़ा एक्शन करने का मांग रखा है और एनटीपीसी से मांग कर रहा है कि इसको अभिलंब ब्लैक लिस्ट किया जाए ट्रांसपोर्टिंग काम से नकाश न नकाश कंपनी को हटाया जाए। इस नक्श कंपनी को फलने फूलने का मौका एनटीपीसी के डिस्पैच ऑफिसर सुधीर कुमार के इशारे पर हो रहा है और लगता है कि सुधीर कुमार नक्श कंपनी में अपना पार्टनरशिप चल। रहे हैं इसलिए राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन मांग करती है की डिस्पैच ऑफिसर केरेडारी कॉल माइंस एनटीपीसी के संपत्ति का जांच एनआईए से कराया जाए, आए दिन आकाश कंपनी के गाड़ियों के द्वारा यहां के भोले भाले ग्रामीण पर चढ़ा दिया जा रहा है जानबूझकर और जान लेने की कोशिश किया जा रहा है।

### सरिया में जनगणना की तैयारी तेज, सुपरवाइजरों को बांटी गई किट



**सरिया :** सरिया प्रखंड में जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ललित नारायण तिवारी और पंचायती राज पदाधिकारी संजय बर्णवाल ने सुपरवाइजरों के बीच जनगणना किट का वितरण किया। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना कार्य सरकार की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए सभी कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा। बीडीओ ने सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के जनगणना कर्मियों से संपर्क कर उन्हें समय पर किट उपलब्ध कराएं। पंचायती राज पदाधिकारी संजय बर्णवाल ने कहा कि किट में जनगणना कार्य से जुड़ी आवश्यक सामग्री और दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं। प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनगणना कार्य से जुड़े कई कर्मी मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं को लेकर समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** पूर्वी सिंहभूम जिले की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने उपायुक्त राजीव रंजन से मुलाकात कर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। उपायुक्त ने सभी मामलों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में विशेष रूप से उन विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई, जहां अब तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। साथ ही वर्ष 2022 में जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थापित पुस्तकालयों का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने की बात कही गई, ताकि ग्रामीण विद्यार्थियों एवं युवाओं को अध्ययन की बेहतर सुविधा मिल सके।

भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े जलमीनार एवं चापाकलों की अविलंब मरम्मत कर सुचारू जलापूर्ति व्यवस्था बहाल करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। इसके अतिरिक्त पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत शिलान्यास किए गए सभी सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी गई।

ज्ञापन में बज्रपात एवं सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु होने पर पीड़ित परिवारों को देय मुआवजा राशि अविलंब उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी को देखते हुए शिक्षक प्रतिनियुक्ति करने की भी मांग की गई।

समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने कहा कि ग्रामीण जनता लंबे समय से इन समस्याओं से जूझ रही है, इसलिए प्रशासन को जनहित में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।


## कार्यालय, परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, सिमडेगा।

सिमडेगा जिला अंतर्गत जनभागीदारी– सबसे दूर, सबसे पहले (IEC Campaign plan) संबंधित कार्यक्रम स्थल की सूची।

| क्र0सं0 | प्रखण्ड | दिनांक | शिविर स्थल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा | 19.05.2026 | सेवई, कोचेडेगा, गरजा पंचायत भवन |
| | | 20.05.2026 | बड़ाबरपानी पंचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | बीरू पंचायत भवन |
| 2 | ठेठईटांगर | 19.05.2026 | कोरोमियां पचायत भवन |
| | | 20.05.2026 | बाघचट्टा पचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | पाईकपारा पचायत भवन |
| | | 22.05.2026 | दुमकी पचायत भवन |
| | | 23.05.2026 | राजाबासा पचायत भवन |
| 3 | कुरडेग | 20.05.2026 | कुटमाकच्छार पचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | बड़कीबिउरा पंचायत भवन |
| | | 22.05.2026 | खिण्डा पंचायत भवन |
| | | 23.05.2026 | चाडरीमुण्डा पंचायत भवन |
| 4 | बानो | 19.05.2026 | कोनसोदे पंचायत भवन |
| | | 20.05.2026 | सिमहातु पंचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | उकौली पंचायत भवन |
| | | 22.05.2026 | बेड़ाईरगी पंचायत भवन |
| | | 23.05.2026 | बांकी पंचायत भवन |
| 5 | कोलेबिरा | 19.05.2026 | पंचायत सचिवालय टूटीकेल |
| | | 20.05.2026 | पंचायत सचिवालय रैंसिया |
| | | 21.05.2026 | पंचायत सचिवालय नवाटोली |
| | | 22.05.2026 | पंचायत सचिवालय शाहपुर |
| | | 23.05.2026 | पंचायत सचिवालय डोमटोली |
| 6 | पाकरटांड़ | 19.05.2026 | सिकरियाटांड पंचायत भवन |
| | | 20.05.2026 | पाकरटांड पंचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | क्रुशकेला पंचायत भवन |
| | | 22.05.2026 | कैरबेडा पंचायत भवन |
| | | 23.05.2026 | आसनबेडा पंचायत भवन |
| | | 25.05.2026 | केशलपुर पंचायत भवन |
| 7 | बोलबा | 20.05.2026 | पिड़ियापोछ पंचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | मालसाड़ा पंचायत भवन |
| | | 22.05.2026 | बेहरीनबासा पंचायत भवन |
| | | 23.05.2026 | समसेरा पंचायत भवन |
| | | 25.05.2026 | कादोपानी पंचायत भवन |
| 8 | जलडेगा | 19.05.2026 | लंबोई परिअम्बा पंचायत भवन |
| | | 20.05.2026 | टीनगीना पंचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | कोनमेरला जलडेगा, लमडेगा पंचायत भवन |
| | | 22.05.2026 | परबा, ओड़गा पंचायत भवन |
| | | 23.05.2026 | टाटी, कुटुगिया आंगनबाडी केन्द्र पंचायत भवन |
| 9 | बांसजोर | 20.05.2026 | कोम्बाकेरा पंचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | तरगा पंचायत भवन |
| | | 22.05.2026 | उरते पंचायत भवन |
| | | 23.05.2026 | बांसजोर पंचायत भवन |
| 10 | केरसई | 20.05.2026 | बाघडेगा पंचायत भवन |
| | | 21.05.2026 | कोनजोबा पंचायत भवन |
| | | 22.05.2026 | किनकेल पंचायत भवन |
| | | 23.05.2026 | बासेन पंचायत भवन |
| | | 25.05.2026 | केरसई पंचायत भवन |

PR 380231 (Simdega) 26-27 (D)

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0,सिमडेगा।


### ईचागढ़ के कुईडीह में विधायक सविता महतो ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

# सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं : विधायक सविता महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**ईचागढ़ :** प्रखंड क्षेत्र के कुईडीह गांव में मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सविता महतो ने फीता काटकर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में विधायक को मंच तक पहुंचाया तथा माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीण महिला-पुरुषों के साथ बैठकर गांव की पेयजल, सड़क, बिजली समेत अन्य समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक ने कहा कि इन मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है और इसे सहेजकर रखने की पहल करना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से परिचित कराते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बंगाल के पुरूलिया हुंड़ा के छऊ उस्ताद कार्तिक कर्मकार एवं बराबाजार के शशधर कालिंदी एंड पार्टी ने मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मुखिया संगीता देवी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, विश्वनाथ उरांव, रामचरण सिंह मुंडा, पशुपति सिंह मुंडा, कमल उरांव, दरेस वैवर्त, पटनु कालिंदी, मृत्यंजय सिंह मुंडा, लक्ष्मी नारायण सिंह, दीपक लोहरा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### हुरलुंग पुल के पास चलती हाईवा में लगी आग

**पूर्वी सिंहभूम :** बिरसानगर थाना क्षेत्र स्थित हुरलुंग पुल के समीप मंगलवार सुबह एक चलती हाईवा वाहन में अचानक आग लग जाने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़।
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण के लिए सूचना

PAROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF PERSON ACCUSED
(See Section 82)

Whereas complaint has been made before me that **Tribhuvan Ganju, S/o Late Kashinath Ganjhu, Rio Banjee PS Mandu (W.B.), District Ramgarh** has committed (or is suspected to have committed) the offence of punishable **under section 143,341 of the Indian Penal Code**, and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said Tribhuvan Ganju cannot be found, and whereas It has been shown to my satisfaction that the said Tribhuvan Ganju has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant);

Proclamation is hereby made that the said Tribhuvan Ganju, is required to appear at Magistrate Courts before Sub Divisional Judicial Magistrate, Ramgarh to answer the said complaint on the day of **30-05-2026.**

Dated, this day of **17-04-2026**

**Sd-J.M.F.C Ramgarh**
**Sub Divisional Judicial Magistrate, Ramgarh**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार **अभियुक्त त्रिभुवन गंझू, पे0–स्व0 काशीनाथ गंझू सा0–बंजी, थाना–मांडू(वे0 बो0), जिला–रामगढ़** कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में **पुलिस अधीक्षक कार्यालय/Sub Divisional Judicial Magistrate, Ramgarh (Jharkhand)** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मो0 नं0–9431706113
ओ0पी0 प्रभारी वेस्ट–बोकारो, जिला–रामगढ़।
मोबाईल नं0–7004367208

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़।

PR 380203 (Police) 26-27 (D)

# राहुल-अखिलेश पर टिकी 2029 की राजनीति

2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जब देश ने विपक्षी गोलबंदी का एक महा-प्रयोग देखा था, तब उसका नाम था 'इंडिया गठबंधन' । यह प्रयोग बिना संदेह बड़ा था। 26 प्रमुख विपक्षी दलों को एक छत के नीचे लाना कोई छोटी उपलब्धि नहीं थी। लेकिन इसकी सबसे बड़ी त्रासदी यह रही कि इसे कभी कोई सर्वमान्य चेहरा या नेतृत्व नहीं मिल सका। 'विपक्ष का दूल्हा कौन बनेगा?' यह अंतहीन कलह गठबंधन की बुनियाद को ही खोखला करती रही। नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जाए तो ममता बनर्जी वीटो लगा देती हैं, राहुल गांधी के नाम पर सहमति बनती ही नहीं। नतीजा यह निकला कि बिखरा हुआ विपक्ष अपने-अपने राज्यों के किलों में सिमटकर रह गया, जिन्हें बीजेपी एक-एक करके ढहा रही है। आज जैसे-जैसे विपक्षी धुरंधर बारी-बारी चुनावी बिसात पर धराशायी हो रहे हैं, राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस का 'डिफॉल्ट' दावा एक बार फिर पूरी ताकत से जिंदा हो गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का हालिया बयान इसी नैरेटिव की बानगी है। उन्होंने राहुल गांधी को 2029 का 'प्राइम-चैलेंजर' घोषित कर दिया है और कहा कि कांग्रेस सबसे पहले अपने सहयोगियों से इस बात पर सहमति बनाएगी। रेवंत की थ्योरी दिलचस्प है। वे लेफ्ट और क्षेत्रीय क्षत्रपों की हार में कांग्रेस की जीत देख रहे हैं। विडंबना यह है कि ये वही दल हैं जो कल तक 'इंडिया गठबंधन' में कांग्रेस के साझेदार थे और आज अपने-अपने राज्यों में बीजेपी के चक्रव्यूह में फंसकर दम तोड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की हार इसका सबसे ताजा उदाहरण है। लोकसभा में टीएमसी ने किला बचा लिया था, लेकिन विधानसभा चुनाव की चौखट पर आते ही बीजेपी की सोशल इंजीनियरिंग के सामने उनकी सारी रणनीतियां धरी की धरी रह गईं। बीजेपी ने यहां 206 सीटें जीतीं, जबकि टीएमसी 100 से नीचे लुढ़क गई। ममता बनर्जी खुद भवानीपुर सीट से 15 हजार से ज्यादा वोटों से हार गईं। हाशिए पर खड़ी कांग्रेस को भले वहां दो सीटें मिलीं, लेकिन उसे इस बात का सुकून है कि बंगाल में अब टीएमसी का एकाधिकार खत्म हो चुका है। दिल्ली और पंजाब से कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने वाले अरविंद केजरीवाल का सपना 'तीसरा विकल्प' बनने का था। फरवरी 2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 27 साल बाद सत्ता में वापसी करते हुए आम आदमी पार्टी को करारी शिकस्त दी। 70 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि आप 22 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस आज इस गणित पर खुश हो सकती है कि जो भी जमीन आप खोएगी, वह आखिरकार कांग्रेस की झोली में ही गिरेगी। नीतीश कुमार ने 2024 से पहले विपक्ष को एक धागे में पिरोने के लिए देशव्यापी दौरे किए थे, लेकिन केंद्रीय राजनीति में उनका नेतृत्व स्थापित होने से पहले ही सहयोगियों के अविश्वास ने उनकी जमीन खिसका दी। 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला और बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। अब रह गई केवल एक दीवार अखिलेश यादव। वे राहुल गांधी के लिए एक जटिल पहेली हैं। चुनौती इसलिए हैं क्योंकि वे देश के सबसे बड़े सियासी सूबे, उत्तर प्रदेश, के निर्विवाद नायक हैं। यह वही यूपी है जिसने 2024 में बीजेपी के रथ को रोककर उसे बहुमत से दूर कर दिया था। अखिलेश आज विपक्ष के इकलौते ऐसे नेता हैं जिनके पास कोर 'मुस्लिम-यादव' वोटबैंक की अचूक ताकत है, एक मजबूत संगठन है और वे सीधे योगी-मोदी की जोड़ी की आंखों में आंखें डालकर लड़ रहे हैं। 2024 में कांग्रेस को यूपी में जो भी संजीवनी मिली, उसका पूरा श्रेय अखिलेश के खाते में जाता है। इस कड़वे सच के बावजूद, राहुल गांधी के लिए राहत की बात यह है कि समाजवादी पार्टी ने उनके साथ कभी वह 'अहंकार और तिरस्कार' का रवैया नहीं अपनाया, जो ममता बनर्जी ने बंगाल में दिखाया।

# कार पर सस्ता, शिक्षा ऋण पर ब्याज दर ज्यादा क्यों

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



भारत जैसे विकासशील देश में शिक्षा को हमेशा राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है। हम अक्सर कहते हैं कि युवा देश का भविष्य हैं, शिक्षा समाज की रीढ़ है और ज्ञान ही विकास का आधार है। लेकिन जब व्यवहारिक व्यवस्था को देखा जाता है तो तस्वीर कुछ और दिखाई देती है। विडंबना यह है कि आज भारत में कार खरीदना आसान हो रहा है लेकिन उच्च शिक्षा प्राप्त करना लगातार कठिन और महँगा होता जा रहा है। बैंक आपको नई कार खरीदने के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर तुरंत ऋण देने को तैयार मिल जाएंगे, परंतु वही बैंक जब किसी विद्यार्थी को शिक्षा ऋण देते हैं तो ब्याज दरें बढ़ जाती हैं, नियम कठोर हो जाते हैं और भविष्य को जोखिम मान लिया जाता है। यह स्थिति केवल बैंकिंग प्रणाली की तकनीकी समस्या नहीं बल्कि हमारी सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी है।

आज भारत में उच्च शिक्षा का खर्च सामान्य परिवारों के सामर्थ्य से बाहर होता जा रहा है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लॉ, निजी विश्वविद्यालयों की पढ़ाई या विदेश में शिक्षा–हर क्षेत्र में फीस लाखों में पहुँच चुकी है। मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए वर्षों की बचत लगा देते हैं, गहने बेचते हैं, भविष्य निधि तोड़ते हैं, फिर भी शिक्षा ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है। दुखद स्थिति यह है कि जिस शिक्षा से एक युवा का भविष्य बनना है, उसी पर सबसे अधिक ब्याज का बोझ लाद दिया जाता है। कार लोन की ब्याज दरें कई बार शिक्षा ऋण से कम होती हैं। अर्थात एक उपभोक्ता वस्तु खरीदना शिक्षा प्राप्त करने से सस्ता पड़ता है। यह केवल आर्थिक असंतुलन नहीं बल्कि सामाजिक सोच की भी त्रासदी है। बैंकिंग व्यवस्था का तर्क यह होता है कि कार लोन सुरक्षित होता है क्योंकि वाहन बैंक के लिए गिरवी संपत्ति का काम करता है। यदि ऋण लेने वाला व्यक्ति भुगतान न करे तो कार जब्त की जा सकती है। लेकिन शिक्षा ऋण में बैंक के पास कोई भौतिक संपत्ति नहीं होती। वहाँ केवल छात्र की योग्यता, उसकी डिग्री और उसका भविष्य होता है। इसलिए बैंक इसे जोखिमपूर्ण निवेश मानते हैं। यह तर्क बैंकिंग दृष्टि से भले सही प्रतीत हो लेकिन राष्ट्रीय दृष्टि से अत्यंत संकीर्ण है। किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा निवेश उसकी युवा पीढ़ी होती है। एक छात्र जब डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधकर्ता या प्रशासक बनता है तो उसका लाभ केवल व्यक्तिगत नहीं होता, पूरा समाज उससे लाभान्वित होता है। ऐसे में शिक्षा ऋण को केवल व्यापारिक उत्पाद की तरह देखना दूरदर्शिता नहीं कहलाएगा।

वर्तमान समय में शिक्षा ऋण केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि मानसिक दबाव का कारण भी बनता जा रहा है। लाखों विद्यार्थी पढ़ाई पूरी होने से पहले ही ईएमआई और ब्याज की चिंता में घिर जाते हैं। नौकरी मिलने से पहले ही कर्ज का भय उन्हें परेशान करने लगता है। कई छात्र अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार करियर चुनने के बजाय केवल अधिक वेतन वाली नौकरियों की ओर इसलिए भागते हैं ताकि ऋण चुका सकें। परिणामस्वरूप शोध, अध्यापन, साहित्य, सामाजिक सेवा और कला जैसे क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं की संख्या घटती जा रही है। समाज धीरे-धीरे केवल वेतन आधारित सफलता का समर्थक बनता जा रहा है।

इस समस्या का सबसे अधिक प्रभाव भारतीय मध्यम वर्ग पर पड़ता है। आर्थिक रूप से संपन्न परिवार महँगी शिक्षा का खर्च आसानी से उठा लेते हैं। गरीब वर्ग के लिए सरकार की कुछ योजनाएँ और छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध होती हैं। लेकिन सबसे अधिक संघर्ष उस वर्ग को करना पड़ता है जो ह्लगरीबह्व की श्रेणी में नहीं आता, फिर भी लाखों रुपये की फीस वहन करने में सक्षम नहीं होता। ऐसे परिवारों के लिए शिक्षा ऋण मजबूरी बन जाता है। एक पिता पूरी जिंदगी की कमाई बेटे या बेटी की पढ़ाई में लगा देता है, इस उम्मीद के साथ कि शिक्षा भविष्य को सुरक्षित करेगी। लेकिन जब उसी शिक्षा पर भारी ब्याज लग जाता है, तो वह सपना धीरे-धीरे आर्थिक बोझ में बदलने लगता है।

आज भारत में शिक्षा का निजीकरण तेजी से बढ़ा है। सरकारी संस्थानों की सीमित सीटों के कारण लाखों छात्रों को निजी कॉलेजों का रुख करना पड़ता है। वहाँ फीस इतनी अधिक होती है कि सामान्य परिवारों के लिए बिना ऋण के पढ़ाई संभव नहीं रह जाती। कई बार छात्र केवल फीस और ब्याज के कारण अपने सपनों के संस्थान छोड़ देते हैं। प्रतिभा आर्थिक क्षमता के सामने हार जाती है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक और प्रगतिशील समाज के लिए चिंताजनक है।

यह भी विचारणीय है कि आज के समय में शिक्षा केवल व्यक्तिगत प्रगति का माध्यम नहीं रही बल्कि आर्थिक और सामाजिक अस्तित्व की आवश्यकता बन चुकी है। बिना उच्च शिक्षा के बेहतर रोजगार प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। ऐसे में यदि शिक्षा ही महँगी और ऋण बोझिल होगा तो सामाजिक असमानता और बढ़ेगी। जो परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हैं, वे आगे निकल जाएंगे, जबकि सीमित साधनों वाले प्रतिभाशाली छात्र पीछे छूटते चले जाएंगे। यह केवल व्यक्ति की हानि नहीं होगी बल्कि देश अपनी संभावित प्रतिभाओं को खो देगा।

भारत सरकार को इस दिशा में गंभीर और दीर्घकालिक कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले शिक्षा ऋण की ब्याज दरों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। यदि सरकार वाहन उद्योग, रियल एस्टेट और अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक नीतियाँ बना सकती है तो शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र के लिए अलग वित्तीय नीति क्यों नहीं बनाई जा सकती? शिक्षा ऋण पर ब्याज न्यूनतम होना चाहिए और पढ़ाई पूरी होने तक ब्याज स्थगन की व्यवस्था व्यापक स्तर पर लागू की जानी चाहिए।

इसके अतिरिक्त रोजगार मिलने तक ऋण पुनर्भुगतान में लचीलापन होना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था में कई छात्रों पर डिग्री पूरी होते ही ईएमआई का दबाव शुरू हो जाता है, जबकि नौकरी मिलने में समय लग सकता है। यह मानसिक तनाव युवाओं की ऊर्जा और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करता है। यदि सरकार और बैंक छात्रों को कुछ वर्षों का व्यावहारिक समय दें तो वे अपने करियर को अधिक स्थिरता के साथ शुरू कर पाएंगे।

शिक्षा ऋण के साथ करियर आधारित सहायता मॉडल भी विकसित किए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए यदि कोई छात्र शोध, अध्यापन, सामाजिक सेवा या ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करना चाहता है तो उसके ऋण में विशेष छूट दी जा सकती है। इससे समाज के आवश्यक लेकिन कम वेतन वाले क्षेत्रों में भी प्रतिभाशाली युवाओं का आकर्षण बना रहेगा। दुनिया के कई विकसित देशों में शिक्षा को सामाजिक निवेश माना जाता है। वहाँ सरकारें छात्रों को कम ब्याज पर ऋण, छात्रवृत्ति और आय आधारित पुनर्भुगतान जैसी सुविधाएँ देती हैं। भारत में भी यदि हम ह्लविश्वगुरुह्व बनने की कल्पना करते हैं तो हमें युवाओं को कर्ज के भय से मुक्त करना होगा। केवल भाषणों और नारों से ज्ञान आधारित समाज नहीं बनता, उसके लिए व्यवहारिक आर्थिक समर्थन भी आवश्यक होता है।

यह सच है कि बैंकिंग व्यवस्था को भी अपने आर्थिक हित देखने होते हैं लेकिन शिक्षा को केवल लाभ-हानि के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। कार सड़क पर चलती है लेकिन शिक्षा समाज को आगे बढ़ाती है। वाहन सुविधा देता है लेकिन ज्ञान राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है। यदि कार लोन सस्ता और शिक्षा ऋण महँगा है तो यह हमारी प्राथमिकताओं के असंतुलन का संकेत है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा को उपभोग नहीं, निवेश माना जाए। एक शिक्षित युवा केवल अपनी जिंदगी नहीं बदलता, वह परिवार, समाज और राष्ट्र की दिशा भी बदल सकता है। इसलिए शिक्षा पर लगाया गया हर रुपया भविष्य की नींव होता है। सरकार, बैंकिंग संस्थानों और समाज- तीनों को मिलकर यह समझना होगा कि यदि प्रतिभा आर्थिक बोझ के नीचे दब गई, तो देश का विकास भी अधूरा रह जाएगा।

# उर्वरक उपयोग में कमी से आएगा व्यापक बदलाव

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले दिनों देशवासियों से किये गए सात आग्रहों में से एक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का है। इसमें दो राय नहीं कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुध उपयोग के दुष्परिणामों को लेकर गत कई सालों से गंभीर आग्रह किये जा रहे हैं। प्रति हेक्टेयर कृषि उत्पादन सेचुरेशन स्तर पर पहुंच गया है तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंच रहा है, मिट्टी और जल प्रदूषण उच्च स्तर पर पहुंच गया है तो रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से कैंसर जैसी बीमारियों का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। यहां तक कि अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन वाले किसान और प्रदेश अपने दैनिक उपभोग के लिए जैविक खाद्यान्न या अन्य प्रदेशों के खाद्यान्न के उपयोग पर जोर देने लगे हैं। यह भी तथ्य है कि देश में लाख प्रयासों के बावजूद रासायनिक उर्वरकों का आयात लगातार बढ़ रहा है। विदेशों से 979 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात में से ईंधन के बाद बहुत अधिक आयात राशि उर्वरकों पर भी व्यय होती है।

देश में करीब 600 लाख टन उर्वरकों की खपत है जिसके साल 2030 तक 700 से 800 लाख टन तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह है कि रासायनिक उर्वरकों में देश की मांग के शत-प्रतिशत पोटाश की विदेशों से आयात पर निर्भरता है तो फास्फेट के तकरीबन 90 प्रतिशत और यूरिया के करीब 25 प्रतिशत तक आयात पर निर्भरता है। यूरिया की आयात निर्भरता करीब 25 प्रतिशत तक है पर यूरिया उत्पादन के लिए काम में आने वाली प्राकृतिक गैस की जरुरत करीब 80 प्रतिशत तक विदेशों से आयात से ही संभव हो पाती है। एक मोटे अनुमान के अनुसार रासायनिक उर्वरकों पर दो लाख करोड़ के आसपास अनुदान राशि दी जा रही है। प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कटौती का आग्रह किया है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने के लिए जहां एक और जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं पीएम प्रणाम योजना में राज्यों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री का आग्रह है कि 10 प्रतिशत फर्मेंटेड खाद का उपयोग बढ़ाकर किसान बड़ा सहयोग दे सकते हैं। जून 2023 में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रोत्साहन योजना लागू की है। योजना के अनुसार रासायनिक उर्वरकों के तीन साल के औसत उपयोग से खपत कम करने पर अनुदान के रुप में बचाई गई राशि की 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकारों को प्रोत्साहन के रुप में देने की व्यवस्था की गई है। इसमें से 70 प्रतिशत राशि गांवों में वैकल्पिक उर्वरक यानी जैविक खाद उत्पादन व तकनीक के विस्तार पर व्यय करने पर जोर दिया जा रहा है वहीं, 30 प्रतिशत राशि रासायनिक उर्वरकों की खपत करने के लिए काश्तकारों को जागरुक करने, अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने आदि पर व्यय करने का प्रावधान है।

विशेषज्ञों का मानना है कि फर्मेंटेड खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों की खपत में अच्छी खासा कमी लाई जा सकती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फर्मेंटेड खाद मिलाने पर जोर दिया है।

प्रधानमंत्री बीजेयूआर कार्यक्रम के तहत मिट्टी की जांच का जो व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसका उद्देश्य भी यही है कि खेत की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का उपयोग किया जाए। अंधाधुंध उपयोग रोक कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखना है।

यह सबके संज्ञान में है कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के कारण खेतों की मिट्टी की उपजाऊ क्षमता प्रभावित हो रही है। भूजल का अत्यधिक दोहन होने से भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, वहीं रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के कारण खतरनाक स्तर पर प्रदूषित हो रहा है। जैविक विविधता प्रभावित हो रही है तो खेती के सहायक कीटनाशकों का अस्तित्व ही समाप्त होने को है। इसके अलावा खाद्यान्नों के विषैला होने व इन खाद्यान्नों के उपयोग से बीमारियों का दायरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इतना सबकुछ होने के बावजूद रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। साल 2025-26 के आंकड़ों की ही बात करें तो यूरिया में 138 प्रतिशत, डीएपी के उपयोग में 94 प्रतिशत और एनपीके के उपयोग में 83 प्रतिशत के आसपास बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में प्रधानमंत्री के आग्रह के निहितार्थ को समझना होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आग्रह इस मायने में बहस का मुद्दा नहीं होना चाहिए कि सरकार देश की जरुरतों को पूरा नहीं कर पा रही। अपितु गंभीर चिंतन की बात यह है कि हम परंपरागत खेती या जैविक खेती को बढ़ावा देकर आने वाली पीढ़ी और जल-मिट्टी, वायु के प्रदूषण को कम करने में भागीदार बन सकते हैं। केवल 10 प्रतिशत फर्मेंटेड खाद मिलाने से ही बहुत बड़ा सकारात्मक बदलाव देखा जा सकता है। 50 प्रतिशत तक आयात निर्भरता कम की जा सकती है। आज हम रुस, ओमान, सउदी अरब, मोरक्को, चीन आदि पर उर्वरकों के आयात के लिए निर्भर हैं। अरबों डालर आयात पर खर्च करके भी इसके जरिये हमें प्रदूषण और सेहत से खिलवाड़ मिल रहा है।

हालांकि आज अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आसन्न संकट को देखते हुए दूरदृष्टि पूर्ण 7 आग्रहों को प्रतिपक्ष आलोचना के स्तर पर ले रहा है पर यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम प्रणाम कार्यक्रम जून 23 से चलाया जा रहा है तो पीएमबीजेयूआर कार्यक्रम जो कि खेत की मिट्टी की जांच से जुड़ा कार्यक्रम है, वह वर्षों से जारी है। इसके साथ ही आज कृषि वैज्ञानिक बार-बार आग्रह कर रहे हैं कि उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग घातक स्तर पर पहुंच रहा है। पंजाब और उससे सटते इलाकों में खेती के हालात बयां कर रहे हैं। ऐसे में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत कमी के आग्रह को सकारात्मक लिया जाना चाहिए। इस बहाने हमें खेती को सही दिशा देने का अवसर मिला है। खरीफ की बुवाई में ही इस पर अमल किया जा सकता है। खेती और पर्यावरण से जुड़े सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं को प्रोएक्टिव रोल अपनाते हुए आगे आना होगा। यह एक अवसर मिला है और इस अवसर का सकारात्मक उपयोग को देश की खेती किसानी को नई दिशा दी जा सकती है।

## सूडोकु नवताल- 7800

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7799 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# दवा के नाम पर मौत, इलाज के नाम पर भय कब तक?

**ललित गर्ग**

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सेना, अर्थव्यवस्था, तकनीकी उपलब्धियों या ऊंची इमारतों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि वह अपने नागरिकों के जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति कितना संवेदनशील है। स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी देश की आत्मा होती है। अस्पताल केवल भवन नहीं होते, वे जीवन की उम्मीद के केंद्र होते हैं। डॉक्टर केवल पेशेवर व्यक्ति नहीं होता, वह मौत और जीवन के बीच खड़ा वह संवेदनशील रक्षक होता है, जिस पर मनुष्य सबसे अधिक विश्वास करता है। लेकिन जब यही स्वास्थ्य व्यवस्था भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़े, मुनाफाखोरी और अनैतिकता की गिरफ्त में आ जाए, तब समाज का विश्वास टूटने लगता है और चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा दिखाई देने लगता है। आज भारत में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जो घटनाएं सामने आ रही हैं, विशेषकर मध्यप्रदेश और राजस्थान की घटनाओं ने इसी भयावह यथार्थ को उजागर किया है।

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत, समृद्ध भारत और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं। आर्थिक प्रगति, डिजिटल क्रांति, आधारभूत ढांचे का विस्तार, तकनीकी उन्नयन और वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा आशा जगाती है। लेकिन इसी बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती धांधलियां, फर्जी डॉक्टरों की नियुक्तियां, नकली दवाओं का कारोबार, अस्पतालों में मुनाफाखोरी और चिकित्सा सेवाओं का व्यवसायीकरण इस विकास यात्रा पर गहरे प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। यदि नागरिकों का जीवन ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो विकास के सारे दावे खोखले प्रतीत होंगे। मध्यप्रदेश के दमोह और जबलपुर के सरकारी अस्पतालों में फर्जी डॉक्टरों की नियुक्तियों का खुलासा किसी एक राज्य की प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरी का प्रतीक है। इससे भी अधिक चिंताजनक मामला राजस्थान मेडिकल काउंसिल में सामने आया, जहां ऐसे लोगों को डॉक्टर के रूप में पंजीकृत कर दिया गया जिन्होंने न मेडिकल शिक्षा प्राप्त की और न ही आवश्यक इंटर्नशिप की। यह केवल कागजी अनियमितता नहीं, बल्कि लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाला गंभीर अपराध है। एक अयोग्य व्यक्ति जब डॉक्टर बनकर मरीजों के सामने बैठता है, तब वह इलाज नहीं करता, बल्कि मानव जीवन पर प्रयोग करता है, उसके कारण जिंदगी मौत में बदल जाती है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि ऐसे लोग व्यवस्था में प्रवेश कैसे कर जाते हैं? क्या कोई व्यक्ति अकेले इतना बड़ा फजीर्वाड़ा कर सकता है? निश्चित रूप से नहीं। इसके पीछे सत्यापन तंत्र की विफलता, विभागीय मिलीभगत और संस्थागत भ्रष्टाचार की परतें मौजूद होती हैं। जब मेडिकल काउंसिल, अस्पताल प्रशासन और परीक्षा एवं पंजीयन संस्थाओं की भूमिका संदेह के घेरे में आ जाए, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि बीमारी केवल व्यक्ति में नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था में फैल चुकी है। आज चिकित्सा क्षेत्र का संकट केवल फर्जी डॉक्टरों तक सीमित नहीं है।

निजी अस्पतालों में मुनाफाखोरी ने स्वास्थ्य सेवा के मानवीय स्वरूप को गंभीर क्षति पहुंचाई है। मरीज की विवशता को आर्थिक अवसर में बदल देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। अनेक मामलों में अनावश्यक जांचें कराना, जरूरत न होने पर मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना, वेंटिलेटर पर रखना, अत्यधिक बिल बनाना और उपचार को लंबा खींचना आम शिकायतें बन चुकी हैं। मरीज अस्पताल में इलाज के लिए जाता है, लेकिन कई बार आर्थिक और मानसिक शोषण का शिकार होकर लौटता है। चिकित्सा सेवा का मूल उद्देश्य पीड़ा दूर करना था, लेकिन कई स्थानों पर वह व्यापार और लाभ कमाने का माध्यम बन गई है।

सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के लिए बने इन संस्थानों में संसाधनों की कमी, कर्मचारियों की लापरवाही, भ्रष्टाचार और बिचौलियों की दखलअंदाजी ने व्यवस्था को कमजोर किया है। कई बार मुफ्त दवाएं मरीजों तक नहीं पहुंचतीं, मशीनें अनुपयोगी पड़ी रहती हैं, जांचों में देरी होती है और मरीज अस्पतालों के चक्कर लगाते-लगाते टूट जाता है। गरीब व्यक्ति के लिए बीमारी केवल शारीरिक पीड़ा नहीं रहती, बल्कि आर्थिक और मानसिक संकट भी बन जाती है। आज एक और गंभीर संकट सामने आया है-डॉक्टर बनने की अंधी दौड़ और शॉर्टकट संस्कृति। नीट जैसी परीक्षाओं में धांधलियों ने पहले ही देश को झकझोर दिया है। यदि प्रवेश प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाए और उसके बाद फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर व्यवस्था में प्रवेश करने लगें, तो यह पूरे चिकित्सा तंत्र की विश्वसनीयता को समाप्त कर देगा। डॉक्टर बनने के पीछे वर्षों की कठिन पढ़ाई, प्रशिक्षण, अनुशासन और संवेदनशीलता की साधना होती है। लेकिन यदि इस प्रक्रिया को धन, भ्रष्टाचार और जालसाजी से बदल दिया जाएगा तो परिणाम केवल भयावह ही होंगे। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक विश्वास का संकट भी है। जब नागरिक डॉक्टर की योग्यता पर संदेह करने लगें, अस्पतालों में भय के साथ प्रवेश करें और दवा खरीदते समय उसकी प्रामाणिकता को लेकर आशंकित रहें, तब यह किसी भी राष्ट्र के लिए खतरनाक संकेत है। स्वास्थ्य व्यवस्था में विश्वास टूटना समाज की आत्मा पर चोट पहुंचाने जैसा है।

## दैनिक पंचांग

**20 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | मिथुन में |
| मंगल | मेष में |
| बुध | वृष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मिथुन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 04.59 बजे से |
| मिथुन | 07.01 बजे से |
| कर्क | 09.15 बजे से |
| सिंह | 11.31 बजे से |
| कन्या | 13.43 बजे से |
| तुला | 15.54 बजे से |
| वृश्चिक | 18.08 ब.से |
| धनु | 20.24 बजे से |
| मकर | 22.29 बजे से |
| कुंभ | 00.16 बजे से |
| मीन | 01.49 बजे से |
| मेष | 03.19 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 140 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 11.07 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 06.12 बजे तदनन्तर पुनर्वसु 04.12 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** शूल 14.10 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 11.07 बजे तदनन्तर बव 21.43 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 3.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 56'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872715
**जूलियन दिन** 2461180.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 03
**विशेष** वरदा चतुर्थी।

**दिन का चौघड़िया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 | से | 07.22 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 | से | 08.51 | बजे तक |
| काल | 08.15 | से | 10.19 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 | से | 01.16 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 | से | 02.44 | बजे तक |
| चर | 02.44 | से | 04.12 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 | से | 05.41 | बजे तक |

**रात का चौघड़िया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.41 | से | 07.12 | बजे तक |
| शुभ | 07.12 | से | 08.44 | बजे तक |
| अमृत | 08.44 | से | 10.16 | बजे तक |
| चर | 10.16 | से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| काल | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| लाभ | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.23 | से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# साहिबगंज में मंईयां सम्मान योजना के नाम पर अवैध वसूली, पंचायत सचिवालय सहायक पर एफआईआर दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के उधवा प्रखंड में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना में भ्रष्टाचार और अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड अंतर्गत अमानत पंचायत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां योजना के लाभुकों से अवैध वसूली करने के आरोप में पंचायत सचिवालय सहायक के विरुद्ध राधानगर थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है।

**वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने की कार्रवाई**

जानकारी के अनुसार, अमानत पंचायत में मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुक महिलाओं के दस्तावेजों और पात्रता का सत्यापन कार्य पंचायत सचिवालय सहायकों द्वारा किया जा रहा था। इसी दौरान एक पंचायत सहायक द्वारा लाभुक महिलाओं से सत्यापन के नाम पर अवैध रूप से पैसों की वसूली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन रेस हुआ और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी ने नहीं लिया संज्ञान**

सूत्रों के मुताबिक यह विडियो कुछ दिन पूर्व ही वायरल हो गया था। स्थानीय कई अखबारों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित भी किया गया। लेकिन प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा था। मामला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) साहिबगंज सतीश चंद्रा के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए।

**इन धाराओं के तहत मामला दर्ज, जांच शुरू**

अमानत पंचायत के पंचायत सचिव सत्यनारायण रजवार के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। अवैध वसूली के आरोपी पंचायत सहायक सफीक अहमद पिता मोहम्मद दानिश अली, साकिन अमानत दियारा प्यारपुर के खिलाफ राधानगर थाना में कांड संख्या 164/26 दर्ज किया गया है। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं 318(4), 316(2), और 308(2) के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने आगे का अनुसंधान (जांच) शुरू कर दिया है।

**भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस**

इस कार्रवाई के बाद से प्रखंड के अन्य बिचौलियों और भ्रष्ट कर्मियों में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही या अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लाभुकों को परेशान करने वाले तत्वों पर आगे भी ऐसी ही कानूनी गाज गिरनी तय है।

## भीख मांगने के बहाने घर में घुसीं महिलाएं चोरी करते धराई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** शहर के बैंक कॉलोनी इलाके में मंगलवार को चोरी की एक घटना के बाद स्थानीय लोगों की सतर्कता से दो महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोप है कि दोनों महिलाएं भीख मांगने के बहाने घरों की टोह लेती थीं और मौका मिलते ही चोरी की घटना को अंजाम देती थीं। पकड़ी गई महिलाओं के पास से करीब 7 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, बैंक कॉलोनी स्थित एक घर में संदिग्ध परिस्थिति में दो महिलाएं पहुंची थीं। इसी दौरान घर से नकदी गायब होने की बात सामने आई। महिलाओं की गतिविधि पर पहले से नजर रख रही स्थानीय महिलाओं को उन पर शक हुआ। जब दोनों वहां से तेजी से निकलने लगीं तो मोहल्ले की महिलाओं ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना ले गई। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की आशंका वाली नकद राशि बरामद की गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों महिलाएं किसी संगठित गिरोह से जुड़ी हैं या नहीं। घटना के बाद बैंक कॉलोनी समेत आसपास के इलाकों में लोगों के बीच सतर्कता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे संदिग्ध गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने भी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत थाना को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगारसी में रिक्त सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू

- कक्षा-1 सहित अन्य कक्षाओं में प्रवेश के लिए 4 जून तक आवेदन का अवसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगारसी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से जारी सूचना के अनुसार कक्षा-1 एवं अन्य कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया 14 मई 2026 से शुरू होकर 4 जून 2026 तक चलेगी। प्रवेश के इच्छुक अभिभावक विद्यालय परिसर से आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित अवधि के भीतर जमा कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) की प्रवेश दिशा-निर्देश 2026-27, प्राथमिकता श्रेणी एवं आरक्षण मानदंडों के अनुसार पूरी की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की गलत अथवा भ्रामक जानकारी मिलने पर प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवेदन निरस्त किया जा सकता है। विद्यालय की ओर से यह भी बताया गया है कि कक्षा-1 एवं अन्य कक्षाओं में प्रवेश के लिए आयु की गणना 31 मार्च 2026 तक निर्धारित नियमों के अनुसार की जाएगी। प्रवेश से संबंधित विस्तृत शर्तें एवं अन्य जानकारियां विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने अभिभावकों से समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, ताकि नामांकन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## ग्राहक बनकर आए चोर, ज्वेलरी शॉप से 4.5 लाख के सोने के चेन लेकर फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट बाजार के स्वर्ण आभूषण दुकान संचालक प्रदीप डोकानिया की दुकान से दो चोरों ने सोने का माला देखने के दौरान तीस ग्राम के चार चेन पर हाथ साफ करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार बरहेट बाजार के प्रदीप डोकानिया अपने स्वर्ण आभूषण दुकान में प्रतिदिन की तरह दुकान पर खरीद बिक्री में मशगूल था। इसी बीच दो युवक टीवीएस राइडर बाइक संख्या (बीआर 45आर 0627) मोटरसाइकिल से पहुंचा और दुकान में चांदी के माला दिखाने की बात कही। इस बीच माला देखते हुए सोने का चैन दिखाने की मांग की। जब दुकानदार के द्वारा उन्हें सोने की चेन दिखाई जा रही थी। इसी बीच चोरों ने उसका ध्यान भटकाते हुए सोने के चार चैन लगभग (30 ग्राम सोना) की चोरी कर ली। जब तक वह समझ पाते शातिर चोर बाइक से दुकान छोड़कर गायब हो गए। वहीं जब सीसीटीवी फुटेज देखा गया तब जानकारी मिली की सोने की चैन गायब हो चुकी है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4.50 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं मामले की जानकारी तुरंत बरहेट थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बरहेट थाना पुलिस एसआई बिट्टू कुमार शाह, अशोक कुमार सिंह दलबल के साथ दुकान पहुंचकर दुकान के अलावा आसपास के सीसीटीवी को खंगालते हुए दोनों युवक की पहचान को लेकर प्रयास तेज कर दिया गया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी चन्दन कुमार भैया ने बताया है कि सूचना मिलते ही पुलिस घटना को बारीकी से जांच कर रहीं है।

## साहेबगंज में डालसा का राहत अभियान, लोगों के बीच ओआरएस, शीतल जल का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झालसा, रांची के निदेर्शानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज के मुख्य द्वार पर विशेष राहत एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, प्रमुख बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में राहगीरों और जरूरतमंद लोगों के बीच ओआरएस घोल, शीतल जल का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को लू एवं डिहाइड्रेशन से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा त्वरित राहत उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि लोगों को गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप में निकलने से बचने तथा आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई। साथ ही जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल के उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे चिलचिलाती धूप में विशेष सतर्कता बरतें, बच्चों एवं बुजुर्गों का खास ख्याल रखें तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता लें।

## अमड़ापाड़ा हाईस्कूल मैदान बना शराबियों का अड्डा, उत्पात से ग्रामीण त्रस्त, थाने में तीसरी बार दिया आवेदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** ज़िले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के अमड़ापाड़ा हाईस्कूल मैदान और पुराने हॉस्टल के पीछे का इलाका इन दिनों शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। रोज शाम होते ही यहां शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है। शराब की बोतलें तोड़ना, गंदी गालियां देना और हंगामा करना अब रोज की बात हो गई है।

**बासमती जामटोला के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा**

इस समस्या से तंग आकर अमड़ापाड़ा के बासमती जामटोला ग्राम के ग्रामीणों ने सोमवार 18 मई को थाना प्रभारी अमड़ापाड़ा को सामूहिक आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुराने हॉस्टल के पीछे खेत के आसपास और मैदान के सामने रोज-रोज दारूबाजी होती है। शराबी बोतल फोड़कर कचरा फैलाते हैं और आने-जाने वालों से बदतमीजी करते हैं।

**पहले भी दे चुके हैं आवेदन, नहीं हुई कार्रवाई**

आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर पहले भी थाने में तीन बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लगातार बढ़ रहे उत्पात के कारण गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों को डर है कि अगर पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो यहां कभी भी कोई बड़ी अनहोनी घटना हो सकती है।

**ग्राम प्रधान समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर**

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मामले की सख्त जांच कर अतिशीघ्र कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन पर ग्राम प्रधान सोमनाथ मुर्मू के साथ निताय चंद्र पाल, संतोष शर्मा, संजीत कुमार, रीता देवी, रोहित पाल, राजकुमार पाल, फूलकुमारी देवी, गीता देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

**क्या है ग्रामीणों की मांग**

हाईस्कूल मैदान और हॉस्टल के आसपास पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। शाम के समय असामाजिक तत्वों के जमावड़े पर रोक लगे। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल युवक की 9 दिन बाद इलाज के दौरान मौत

**साहिबगंज:** जिले के राजमहल सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शहर के बर्मन कॉलोनी निवासी सुकुमार बर्मन के पुत्र जय बर्मन (24) पिछले 10 मई को देर रात पश्चिम बंगाल के मालदा जिला अंतर्गत गाजोल के पास सिलीगुड़ी कोलकाता मुख्य मार्ग पर में एक यात्री बस और स्कॉर्पियो के बीच आमने-सामने की टक्कर में स्कार्पियो चालक जय बर्मन सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जय बर्मन का इलाज पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर एक निजी अस्पताल में चल रहा था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात लगभग 10 :30 बजे अचानक उनकी ज्यादा तबीयत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। मृतक के बड़े भाई सुजय बर्मन ने बताया कि पोस्टमार्टम सहित कागजी प्रक्रिया पूरी कर बुधवार को शाम तक शव पैतृक आवास राजमहल पहुंचेगा। उसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। जय बर्मन के मौत की खबर सुनते ही परिजन सहित सगे संबंधी दोस्त शुभचिंतकों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से 45 वर्षीय व्यक्ति घायल, रेफर

**साहिबगंज:** जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट-बोरियो मुख्य सड़क अंतर्गत पंचकठिया बाजार स्थित एक मोटरसाइकिल में आने के क्रम में 45 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक गोड्डा जिला के बोआरिजोर थाना क्षेत्र के घघरी गांव के रहने वाला है। वही मोटरसाइकिल चालक (बीआर 43 ए 5433) बरहेट की ओर जा रहा था इसी दौरान रास्ता पार कर रहे संग्राम सोरेन मोटरसाइकिल की चपेट में आ गया जिससे टक्कर लगने से ग्रामीण रूप से घायल हो गया, इस घटना से उनका दाहिना पैर टूट गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर पंकज कर्मकार ने प्राथमिक इलाज किया, उसके बाद घायल व्यक्ति का स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाय इश्तिहार

**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सकरीगली नया टोला आश्रम में फरार वारंटी आजाद सिंह के घर एवं सार्वजनिक जगह पर मंगलवार को पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया। मुफ्फसिल थाना के सहायक अवर निरीक्षक चंचल कुमार ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय साहिबगंज के आदेशानुसार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 40/25 के अभियुक्त आजाद सिंह फरार रहने की स्थिति में अभियुक्त के घर एवं सार्वजनिक स्थानों पर इश्तिहार चिपकाया गया। मौके पर थाना के सशस्त्र बल एवं चौकीदार उपस्थित थे।

### अवैध मिट्टी लदे दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने किया जब्त

**साहिबगंज:** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र में गंगा घाटों से हो रहे अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को फुलवरिया चौक के समीप अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टरों को ट्रॉली सहित जब्त कर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी अनुसार सीओ सह प्रभारी बीडीओ मो यूसुफ ने कार्रवाई करते हुए गंगा नदी से अवैध रूप से मिट्टी लदे ट्रैक्टर संख्या जेएच 17 एएच 4951 तथा बिना नंबर प्लेट के एक अन्य ट्रैक्टर को जब्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकुड़ में आयुष जांच शिविर, 131 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**पाकुड़ :** ज़िले में आयुष विभाग, पाकुड़ की ओर से विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 131 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। यह शिविर लिट्टीपाड़ा प्रखंड के लिट्टीपाडा, अमड़ापाड़ा प्रखंड के अमड़ापाड़ा, पाकुड़िया प्रखंड के बड़ासिंहपुर एवं फुलझिंझरी में आयोजित किए गए। शिविर में उपस्थित चिकित्सक डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ अमरेश कुमार, डॉ संतोष कुमार यादव एवं डॉ बीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जांच शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित रोगों आदि का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। साथ ही लाभुकों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

### उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के पाकुड़ दौरे के लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की बैठक



**पाकुड़ :** ज़िले में आगामी कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायमूर्ति संजय प्रसाद के प्रस्तावित आगमन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, स्वागत, आवासन एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। मौके पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, फैमिली जज, डालसा सचिव, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हिरणपुर के 11 गांवों में चला जनभागीदारी अभियान ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



**पाकुड़ :** जिले के हिरणपुर प्रखंड में केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के तहत सबसे दूर, सबसे पहले कार्यक्रम के अंतर्गत जनभागीदारी सप्ताह (18 मई से 25 मई) उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। मंगलवार को प्रखंड के 11 चयनित गांवों तुरसाडीह पाडरकोला, बेलडीहा, भंडारो, बेलपहाड़ी देवपुर, तेतुलिया टोंगीपहाड़ नारायणडीह, सुन्दरपुर एवं नयाग्राम में विशेष संतृप्ति अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखने को मिली। विभिन्न शिविरों में पेंशन योजना जॉब कार्ड आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आवास योजना समेत कई सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन लिए गए और समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच दवा वितरण तथा एक्स-रे जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं अधिकारियों ने बताया कि जनभागीदारी सप्ताह का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ जनजातीय गांवों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना, लोगों को जागरूक करना और प्रशासन को गांवों तक सीधे जोड़ना है कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया कैम्प का निरीक्षण अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने किया मौके पर बीपीओ ट्विंकल चौधरी, डीडब्लूओ सुनील मुर्मू, बीपीएम कमलेश कुमार, सीएचओ भीमराज एसटीएस सदानंद ओझा मुखिया स्टीफन मुर्मू एवं पंचायत सचिव स्टेनलियुस मरांडी उपस्थित थे।

### सर्वाइकल कैंसर, एचपीवी टीकाकरण को लेकर स्कूली छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**साहिबगंज:** जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी, साहिबगंज डॉ किरण माला के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी, अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट सीएमएसओइ (प्लस टू बीडी हाई स्कूल) सकरीगली में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु छात्राओं के बीच व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। किशोरियों के बीच एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ाया गया तथा टीकाकरण को लेकर भ्रांतियों को दूर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं एवं विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर के खतरे तथा उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा यह एक सुरक्षित एवं प्रभावी टीका है। संवेदीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत एफएक्यू (फ्रिक्वेंटली ऑस्केड क्वेश्चंस) राउंड आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से उत्तर दिया गया। इस दौरान वैक्सीन की सुरक्षा, संभावित लाभ, टीकाकरण की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियां एवं इससे जुड़ी सामान्य भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्राओं को यह भी समझाया गया कि टीकाकरण के माध्यम से गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है और यह भविष्य की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक कदम है। विद्यालय की छात्राओं को जानकारी दी गई कि वर्तमान चरण में वैसे किशोरियों को एचपीवी टीका दिया जाना है जिनकी आयु 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा आयु सीमा 15 वर्ष से कम हो। साथ ही छात्राओं एवं शिक्षकों से अपील की गई कि वे टीकाकरण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करें तथा अपने परिवार एवं समुदाय में भी एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूकता फैलाएं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, विद्यालय के शिक्षकगण, संबंधित कर्मी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

एक नजर

## बैंक से लौट रहे व्यक्ति से छिनतई की कोशिश दो आरोपी गिरफ्तार

**धनबाद** : धनबाद के सदर थाना क्षेत्र में बैंक से पैसे निकालकर लौट रहे एक व्यक्ति से छिनतई का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि स्थानीय लोगों की सतर्कता से दोनों आरोपित मौके पर ही पकड़ लिए गए। जिन्हें बाद में लोगों ने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना बिस्तीपाड़ा इलाके की है, जहां निवासी राजेश हांड़ी मंगलवार सुबह बैंक से पैसे निकालकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में दो युवकों ने उन्हें जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया और जेब में रखे करीब 10 हजार रुपये निकाल लिए। कुछ दूरी पर ले जाकर आरोपितों ने उन्हें गाड़ी से उतार दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के स्थानीय लोग सक्रिय हो गए और दोनों आरोपितों को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पकड़े गए दोनों युवक कतरास के रहने वाले हैं। सूचना मिलने के बाद धनबाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर थाना ले गई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

## युवक का शव बरामद हत्या की आशंका पर सड़क जाम

**धनबाद** : सदर थाना क्षेत्र के चीरागोड़ा श्मशान रोड स्थित मैदान में मंगलवार सुबह राजेश चन्द्रवंशी (42) का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक हीरापुर हटिया मोड़ में मोबाइल डाउनलोडिंग की दुकान चलाता था। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। बताया जा रहा है कि राजेश सोमवार रात दुकान बंद कर घर लौटने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मंगलवार सुबह चीरागोड़ा श्मशान रोड स्थित मैदान में शव पड़े होने की सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव की पहचान राजेश चन्द्रवंशी के रूप में की। मृतक के भाई नीरज चन्द्रवंशी ने हत्या की आशंका जताते हुए बताया कि सूद में पैसे के लेन-देन को लेकर गौतम नामक व्यक्ति से सोमवार को विवाद हुआ था। परिजनों का आरोप है कि इसी विवाद में हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है ।घटना की सूचना मिलने पर धनबाद सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव उठाने का विरोध किया।

## पिता की हत्या के आरोप में पुत्र गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम** : जिले के पोटका थाना क्षेत्र अंतर्गत धीरोल पंचायत के चेमाइजुड़ी गांव में पिता की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, चेमाइजुड़ी गांव निवासी विजय पात्र ने शनिवार को अपने पिता अनिरुद्ध पात्र पर लाठी-डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना की सूचना मिलने पर पोटका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अनिरुद्ध पात्र को इलाज के लिए सदर अस्पताल, जमशेदपुर पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित विजय पात्र घर छोड़कर फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस ने सोमवार को चेमाइजुड़ी गांव में ही छिपे विजय पात्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसका पिता उसकी मां पर बेबुनियाद आरोप लगाकर अक्सर प्रताड़ित करता था। इसी बात को लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा था।

# दामोदर नदी में डूबने से एक छात्र की मौत, दूसरे की तलाश जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो की दामोदर नदी में मंगलवार सुबह हुए एक हादसे में दो छात्र डूब गए। बरवाघाट में नहाने गए तीन छात्रों में से दो गहरे पानी में चले गए। इनमें से एक छात्र विष्णु कांत का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे छात्र सन्नी की तलाश जारी है। घटना के बाद नदी घाट पर ग्रामीणों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। एलएच आजाद नगर के तीन छात्र सन्नी, विष्णु और रवि मंगलवार सुबह स्कूटी से बरवाघाट पहुंचे थे। ये तीनों मिड पॉइंट पब्लिक स्कूल के छात्र बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, छात्र घर से ट्यूशन पढ़ने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वे दामोदर नदी में नहाने चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नदी में नहाने के दौरान अचानक तीनों छात्रों का पैर फिसल गया और वे गहरे पानी की ओर बहने लगे। पास में मौजूद एक व्यक्ति ने रवि को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, विष्णु और सन्नी पानी में डूब गए।

घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय गोताखोर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। रवि ने घटना के बारे में बताया, हम लोग नदी में नहा रहे थे और शैंपू लगाए थे। तभी अचानक पैर फिसल गया। एक व्यक्ति ने मुझे बाहर निकाल लिया। बाद में दोनों को तलाश किया गया। विष्णु को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सन्नी का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही हरला थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने विष्णु के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सन्नी की तलाश के लिए लगातार खोज अभियान चलाया जा रहा है। एलएच और आजाद नगर निवासी रवि, सन्नी तथा विष्णु घर से ट्यूशन जाने की बात कह निकलें। तीनों कक्षा 9 में साथ पढ़ते हैं। दिन के करीब 10 बजे बरुवाघाट पहुंच गए। पहुंचने के बाद विष्णु और सन्नी गहरे पानी में उतर गये। इसके बाद परिस्थिति बदलने लगी और वे डूबने लगे। देखते ही देखते दोनों को पानी ने निगल लिया। रवि ने दोस्तों के परिजनों को फोन पर घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने निकाला शव - हर बार की तरह इस बार भी पचौरा के स्थानीय ग्रामीणों की टीम बबलू केवट, सुरेश केवट, चमटू केवट, मनोज गोस्वामी, जामुन केवट, संजय सिंह, सौरभ दे, विकास दास, भरत सिंह, भोला मांझी, तुलसी, सुकर केवट, अमित मांझी ने पानी में उतर कर शव की तलाश शुरू कर दी। एक युवक का शव बरामद किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार हम लोगों पानी में फंसे लोगों को बचाने व शव निकाले का काम करते है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा हमें गोताखोर टीम में शामिल नहीं किया जाता है। बरुवाघाट में हर वर्ष कुछ न कुछ ऐसी घटनाएं होती रहती है। लंबी दूरी पर स्थित खेतको की टीम के भरोसे जिला प्रशासन निर्भर रहती है। हमारे स्थानीय लोगों का एक अलग टीम गठन किया जाए।

## राम मंदिर मोड़ गोलीकांड में मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बीएस सिटी थाना क्षेत्र के राम मंदिर मोड़ स्थित चाय दुकान पर हुई गोलीबारी मामले में बोकारो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 17 मई 2026 की रात करीब 9:30 बजे की है, जब जयराम प्रसाद को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल बीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बोकारो के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के निर्देश पर नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य साजिशकर्ता रूपेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। घायल जयराम प्रसाद, जो चास के नंदुआ स्थान निवासी हैं, ने बीएस सिटी थाना में रूपेश सिंह समेत तीन अन्य नामजद आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर बीएस सिटी थाना कांड संख्या 101/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपी रूपेश कुमार फुसरो मेन रोड का रहने वाला बताया गया है। कार्रवाई में बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## बाल संरक्षण व बाल विवाह पर चला जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के उधवा प्रखंड में जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला बाल कल्याण समिति जिला विधिक सेवा प्राधिकार व चाइल्ड हेल्पलाइन साहिबगंज के बैनर तले मंगलवार को फ्लोरा पब्लिक स्कूल उधवा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी साहेबगंज की अध्यक्षता में बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी साहेबगंज द्वारा बच्चों के अधिकार एवं उनके संरक्षण को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बच्चों को प्राप्त अधिकारों एवं सुरक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, पॉक्सो अधिनियम, प्रायोजन योजना, आफ्टर केयर एवं फोस्टर केयर योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति साहेबगंज द्वारा सीएनसीपी बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा बच्चों के हित में सभी को संवेदनशील एवं जागरूक रहने का संदेश दिया गया। परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल मजदूरी, बाल शोषण एवं घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं की सूचना तुरंत 1098 पर दें, ताकि बच्चों को समय पर सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर हाजि अफसर अली, शिक्षक वसीम अकरम, जिब्राइल अली, प्रोफेसर जहूर आलम, पीएलबी रुपेश्वर सरकार आदि थे।

## कसमार में गूंजा किसानों का मुद्दा सरकार पर भाजपा का तीखा हमला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : कसमार प्रखंड मुख्यालय मंगलवार को उस समय राजनीतिक गर्मी से तप उठा, जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसानों के मुद्दे को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। नारों की गूंज और बैनरों के बीच सरकार के खिलाफ आक्रोश साफ दिखाई दिया। धरना कार्यक्रम की अगुवाई प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा नेता मनोज कुमार ठाकुर ने मंच संभालते ही राज्य सरकार पर सीधा हमला बोला। मनोज ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों के साथ लगातार वादाखिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों ने पैक्स के जरिए धान तो बेच दिया, लेकिन आज तक उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान नहीं मिला। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि हालिया ओलावृष्टि में जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुईं, उन्हें न तो मुआवजा मिला और न ही कोई ठोस राहत। सरकार ने कर्ज माफी, फसल बीमा, सिंचाई सुविधा और समर्थन मूल्य के नाम पर सिर्फ भरोसा दिया, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है, उन्होंने कहा। धरना स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि अगर किसानों को जल्द न्याय नहीं मिला, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन छेड़ेगी। इस प्रदर्शन में यदुनंदन जायसवाल, आनंद महतो, प्रताप सिंह, एमएस मुखर्जी, कैलाश करमाली, कृष्ण किशोर जायसवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे आंदोलन को और मजबूती मिली। कुल मिलाकर, कसमार का यह धरना सिर्फ एक विरोध नहीं, बल्कि किसानों के मुद्दों को लेकर बढ़ते असंतोष का संकेत बन गया है।

## 37वें प्रांतीय खेलकूद में कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकार** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी की ओर से 37 वां प्रांतीय खेलकूद समारोह में बालकों का कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3 सी में शुरू किया गया। जिसका शुभारंभ बजरंगबली की पूजा आराधना व आरती के साथ हुआ। इसके उद्घाटन सत्र में विद्या विकास समिति झारखंड के खेलकूद के संरक्षक व देवघर विभाग के विभाग प्रमुख सुरेश मंडल ने बताया समूह खेलकूद में बालकों के सर्वांगीण विकास का कार्य विद्यालय करता है। इस प्रकार की प्रतियोगिता विभिन्न विद्यालयों में 1988 से चली आ रही है। इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड प्रांत के 33 विद्यालयों से अंडर 14 व अंडर 19 आयु वर्ग के 637 बालक हिस्सा लेंगे। जिनकी प्रतियोगिता बाल वर्ग, किशोर वर्ग व तरुण वर्गों में किया जाएगा। अंडर 14 बाल वर्ग में छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बाले भाग लेंगे। वहीं अंडर 17 में नवम व दशम कक्षा के खिलाड़ी भाग लेंगे और अंडर-19 में तरुण वर्ग कक्षा एकादश व द्वादश के बालक खिलाड़ी भाग लेंगे। दो दिनों में कबड्डी की कुल 36 प्रतियोगिता होगी, वहीं खो-खो की 22 प्रतियोगिता होगी। अध्यक्षीय आशीर्वचन में विद्या मंदिर 9डी के अध्यक्ष अभय रंजन श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों व निर्णायक मंडली को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा केवल जीतने वाले ही नहीं सीखते हैं हार से भी हमें कुछ सीखनी चाहिए। उदघाटन सत्र में धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, वृंद राजेश कुमार, ब्रजेश कुमार सिंह, प्रांतीय प्रतिनिधि सिद्धेश नारायण दास, कार्यक्रम के संयोजक व शिशु मंदिर 9डी के सचिव जीपी सिंह, 2ए के सचिव अनिल कुमार,चंद्रभूषण शुक्ला, सरयू गोस्वामी, संजीव कुमार व पंकज मिश्रा के साथ स्थानीय विद्यालय के सभी शिक्षक शामिल रहे।

# डीसी ने अभियंता को ससय पर काम पूरा नहीं करने पर कार्रवाई की दी चेतावनी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को एनआईसी सभागार से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सभी बीडीओ, सीओ, विभाग के कनीय और सहायक अभियंता सहित मल्टी विलेज स्कीम (एमवीएस) के तहत कार्य करा रहे संवेदक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि हर घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार और जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या धीमी प्रगति स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अभियंता और संवेदकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तय समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें, अन्यथा कार्रवाई के लिये तैयार रहें। बैठक में एमवीएस योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई योजनाओं में धीमी गति पर नाराजगी जताई। निमिया योजना से जुड़े संवेदक की बैठक में अनुपस्थित रहने पर शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। जल गुणवत्ता जांच की समीक्षा के दौरान जिन प्रखंडों में वाटर क्वालिटी टेस्टिंग 10 प्रतिशत से कम पाया गया, वहां के संबंधित कनीय अभियंताओं को भी शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मदगंज, मनातू, पांकी, पिपरा सहित कई प्रखंडों में जल स्त्रोतों की रासायनिक जांच की प्रगति काफी कम पाई गई। समीक्षा में पाया गया कि मेदिनीनगर प्रमंडल में कुल ग्रामीण परिवारों में अब तक 53 प्रतिशत घरों तक फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन पहुंच चुका है। वहीं हर घर जल प्रमाणन के तहत मेदिनीनगर प्रमंडल में 528 गांवों को रिपोर्ट किया गया है, जिनमें से 254 गांव प्रमाणित हो चुके हैं। उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। छतरपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना में 98 प्रतिशत भौतिक प्रगति और 8110 घरों तक कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। वहीं कौड़िया योजना में 3709 एफएचटीसी उपलब्ध कराये जा चुके हैं। इसके अलावा चैनपुर, सोनपुरवा, पंसा-रामबांध, पोलपोल, लोइंगा और छतरपुर-नौडीहा बाजार-हरिहरगंज-पिपरा मल्टी विलेज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कार्य में तेजी लाने, लंबित एनओसी मामलों का जल्द निष्पादन कराने और पाइपलाइन बिछाने एवं विद्युत कनेक्शन से जुड़े मामलों में समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

संक्षिप्त खबरें

## मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का हुआ शुभारंभ



**बोकारो** : मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल बोकारो में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा छः तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य अमर प्रसाद, उप प्राचार्य देव दुलाल मित्रा एवं कक्षा नर्सरी के बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यावहारिक कौशल का विकास करना है। परीक्षा के बाद बच्चों के खाली समय को रचनात्मक गतिविधियों में बदलने के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा यह विशेष पहल की गई है। पेंटिंग आर्ट शिक्षिका कंचन झा के निर्देशन में बच्चों ने किया। वहीं खेलकूद में जूडो, ताइक्वांडो आदि खेल का अभ्यास प्रशिक्षक आयुष कुमार से बच्चों ने सिखा। संगीत में भी बच्चों की काफी रुचि देखी गई। संगीत शिक्षक उमेश कुमार झा एवं सेफाली दुबे के नेतृत्व बच्चों एवं बच्चियों को संगीत की बारीकियां सिखाई गई। प्रशिक्षक सुदर्शन रॉय एवं सुमन कुमारी ने बच्चों को नृत्य के कई गुर सिखाए। जिसमे झारखण्ड नृत्य, क्लासिकल, हॉलीवुड डांस हलि शामिल थे। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसमें डांस, ताइक्वांडो, जुडो, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक, अबाकस , इंग्लिश स्पीकिंग जैसी कई रोचक और उपयोगी गतिविधियां शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को न केवल नई चीजें सीखने का अवसर मिल रहा है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना भी विकसित हो रही है। इस समर कैंप की खास बात यह रही कि बच्चों को पारंपरिक कला से जोड़ने के लिए बच्चों ने बड़े उत्साह का परिचित कराया।

## बोकारो स्टेशन पर स्काउट एंड गाइड ने यात्रियों के लिए शुरू की पेयजल सेवा



**बोकारो** : बोकारो स्टेशन में स्टेशन मैनेजर की उपस्थिति में मंगलवार को स्काउट एंड गाइड बोकारो की तरफ से एक महीना प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई। मौसम की गर्माहट को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीने के पानी का सर्विस आरंभ किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा एस्कॉर्ट एंड गाइड के शिवाजी और लक्ष्मीबाई ग्रुप के समूह माध्यम हू हर वर्ष गर्मी के मौसम में इस प्रकार की व्यवस्था का इंतजाम कराया जाता है, ताकि ट्रेन में सवार यात्रियों को प्लेटफार्म में उतरने की नौबत ना आए।

## डबल गहना देने का झांसा देकर महिला से लाखों के गहनों की ठगी

**पलामू** : जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर अनुमंडल रोड में मंगलवार को एक महिला से लाखों के गहने की ठगी कर ली गई। डबल गहने देने के बहाने महिला को झांसे में लिया गया और सोने की चेन और कान का टॉप्स ठग लिया गया। इस संबंध में महिला ने छतरपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। घटना के बाद से महिला का रो-रो कर बुरा हाल है। महिला की पहचान नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत अंतर्गत नावाडीह निवासी सुषमा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सुषमा देवी छतरपुर के हॉस्टल में बच्चों को छोड़ने के बाद हरिहरगंज मायके जाने के लिए अनुमंडल रोड में वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी क्रम में दो महिला वहां पहुंची और एक गहने के बदले दो देने के बहाने महिला को झांसे में लिया और गले से सोने का चेन और कान से दोनों टॉप्स खुलवा लिए। महिला को नकली गहने दो सोने के चेन और कान की दो बाली थमा कर असली गहने लेकर फरार हो गयी। महिला को जब ठगे जाने का ऐहसास हुआ तो उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी और पुलिस में मामला दर्ज कराया। गायब हुए गहनों की कीमत साढे तीन लाख रुपये से अधिक बतायी गयी है।

## गरीबों के आवास निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : बीडीओ तिवारी




**सरिया** : सरिया प्रखंड सभागार में मंगलवार को विकास योजनाओं की रफ़्तार परखने के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं—अबुआ आवास/प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, 15वीं वित्त आयोग और ग्रामीण विकास विभाग की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार और गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बीडीओ ललित नारायण तिवारी पूरी तरह 'एक्शन मोड' में नजर आए। उन्होंने अबुआ आवास योजना की धीमी प्रगति पर पंचायत सेवकों और कनीय अभियंताओं को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने साफ लफ्जो में कहा कि ३गरीबों के आवास निर्माण में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी कर्मचारी या अधिकारी सुस्ती दिखाएगा, उस पर कड़ी कार्रवाई होगी।३ मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन और लंबित मस्टर रॉल की समीक्षा करते हुए उन्होंने रोजगार सेवकों को लक्ष्य पूरा करने और योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। बीडीओने 15वीं वित्त आयोग की योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की और पंचायत समिति सदस्यों (समिति प्रतिनिधियों) से योजनाओं के चयन और कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर प्रखंड को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सेवक (ढर) और कई पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे, जिन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को सदन के पटल पर रखा।

## संक्षिप्त डायरी

### 373 पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, लोगों की शिकायतों का होगा त्वरित समाधान

**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर में लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 19 मई से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर शुरू होंगे पहले चरण में 23 पंचायतों में कैंप लगेंगे प्रशासन ने डिजिटल मॉनिटरिंग और ऑन-द-स्पॉट निपटारे की तैयारी पूरी कर ली है पढे पूरी खबरमुजफ्फरपुर से प्रभात कुमार की रिपोर्ट मुजफ्फरपुर जिले में गांव-गांव तक प्रशासनिक सेवाएं पहुंचाने और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है जिले की सभी 373 पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से सहयोग शिविर लगाए जाएंगे इसकी शुरूआत 19 मई से होगी, जब पहले चरण में 23 पंचायतों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे इस अभियान को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए उन्होंने साफ कहा कि शिविर के दौरान किसी भी पंचायत का आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए हर महीने दो बार लगेंगे सहयोग शिविरजिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे मई और जून महीने में 19 मई, 2 जून, 16 जून और 30 जून को 23-23 पंचायतों में कैंप लगेंगे वहीं जुलाई और अगस्त में 47-47 पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे सितंबर में अंतिम चरण के तहत बची पंचायतों में कैंप लगाए जाएंगे पहले चरण में इन पंचायतों में लगेगा कैंपपहले चरण में बंदरा प्रखंड के बंदरा, गायघाट के बरूआरी, कुढ़नी के सुमेरा और खरौनाडीह, मीनापुर के धरमपुर, मोतीपुर के महमदपुर महमदा और बांसघाट, मुरौल के मीरापुर, मुसहरी के जमालाबाद और झपहा, कांटी के वीरपुर, पारु के चांद केवारी, साहेबगंज के अहियापुर, सरैया के मधौल और दातापुर पंचभरिया, बोचहा के शर्मा, औराई के अतरार और मथुरापुर बुजुर्ग, मरवन के बड़का गांव उत्तरी, कटरा के हथौरी तथा सकरा के बाजी बुजुर्ग और सरमस्तपुर पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे

### पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, हैदराबाद से मंगाई जाएंगी मल्टी पोस्ट ईवीएम

**पटना (एजेंसी)** बिहार पंचायत चुनाव को लेकर मुजफ्फरपुर में तैयारियां तेज हैं हैदराबाद से मल्टी पोस्ट ईवीएम मंगाई जा रही हैं, जिन्हें सीसीटीवी और डबल लॉक वाले सुरक्षित वेयर हाउस में रखा जाएगा पढ़ें पूरी बिहार में पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक सरगर्मी तेज हो गई है प्रपत्र एक के प्रकाशन के बाद अब दावा-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है इसी कड़ी में चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए ईवीएम (EVM) रखने वाले वेयर हाउस (गोदाम) को चिह्नित कर वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों को इस संबंध में सख्त गाइडलाइन जारी की है आयोग ने निर्देश दिया है कि वेयर हाउस को अविलंब चिह्नित कर उसकी मरम्मत का काम शीघ्र पूरा करा लें, ताकि ईवीएम की सुरक्षा पुख्ता की जा सके डबल लॉक और सीसीटीवी से 24 घंटे होगी निगरानी सुरक्षा मानकों को लेकर निर्वाचन आयोग बेहद गंभीर है जारी गाइड लाइन के अनुसार, सभी वेयर हाउस में अनिवार्य रूप से सीसी टीवी कैमरे लगाने को कहा गया है, ताकि मशीनों की 24 घंटे कड़ाई से निगरानी की जा सके सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए वेयर हाउस में डबल लॉक (दोहरे ताले) की व्यवस्था रहेगी इसके अलावा, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों (बीपीआरओ) को संबंधित वेयर हाउस का प्रभारी नामित किया गया है, जिनकी सीधी देखरेख में यह पूरी व्यवस्था संचालित होगी हैदराबाद से आएंगी मशीनें, इंजीनियर करेंगे जांच चुनाव में इस बार हैदराबाद से आधुनिक मल्टी पोस्ट ईवीएम मंगवाई जाएगी इन मशीनों के जिले में पहुंचते ही इनकी फिटनेस जांच और फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य शुरू होगा यह पूरी प्रक्रिया नोडल पदाधिकारी और तकनीकी अभियंताओं (इंजीनियरों) की संयुक्त देख रेख में संपन्न कराई जाएगी, ताकि मतदान के दौरान किसी भी तकनीकी खराबी की गुंजाइश न रहे दूसरी तरफ, प्रपत्र एक के प्रकाशन के

### बच्चे के गले से चेन झपटकर भागा बदमाश, मां के शोर मचाते ही लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा

**पटना (एजेंसी)**भागलपुर में दिनदहाड़े एक बदमाश मासूम बच्चे के गले से सोने की चेन झपटकर भागने लगा, लेकिन बच्चे की मां की बहादुरी ने उसकी पूरी योजना फेल कर दी महिला के शोर मचाते ही लोगों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और बीच सड़क पर उसकी जमकर पिटाई कर दी.भागलपुर शहर के लोहिया पुल पर सोमवार को झपटमारी की एक घटना से अफरा-तफरी मच गई एक युवक ने बच्चे के गले से सोने की चेन और लॉकेट झपट लिया और मौके से भागने लगा घटना के बाद बच्चे की मां ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया.मां की बहादुरी से पकड़ा गया आरोपीप्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झपटमार बच्चे के गले से चेन झपटकर तेजी से भाग रहा था तभी बच्चे की मां ने जोर-जोर से चिल्लाते हुए आरोपी का पीछा करना शुरू कर दिया महिला की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग भी सक्रिय हो गए और आरोपी को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े कुछ दूरी पर लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया बीच सड़क पर हुई जमकर पिटाईआरोपी के पकड़ में आते ही गुस्साए लोगों और पीड़ित महिला ने उसकी जमकर पिटाई कर दी बीच सड़क पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही घटना की सूचना किसी ने डायल 112 पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया पूछताछ में सामने आई पहचान पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बंटी कुमार बताया है, जो मारूफचक इलाके का रहने वाला है सूत्रों के अनुसार, आरोपी सूखे नशे का आदी बताया जा रहा है

### भागलपुर में हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग को लेकर गूंजा हनुमान चालीसा पाठ

**पटना (एजेंसी)** भागलपुर में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापना की मांग अब धार्मिक आस्था के साथ भी जुड़ती दिख रही है संघर्ष समिति की ओर से आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर भागलपुर में हाईकोर्ट खंडपीठ स्थापना की कामना की.भागलपुर से ऋषव मिश्रा कृष्णा की रिपोर्ट भागलपुर में उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन उच्च न्यायालय खंडपीठ भागलपुर स्थापना हेतु संघर्ष समिति की ओर से किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया.हनुमान जी से की गयी खंडपीठ स्थापना की प्रार्थनाकार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और भागलपुर में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित होने की प्रार्थना की संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि भागलपुर और आसपास के जिलों के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है ऐसे में भागलपुर में हाईकोर्ट खंडपीठ की स्थापन

## CM सम्राट बोले- मरीज को रेफर किया तो CS पर होगा एक्शन, बिहार में 30 दिन में शिकायत नहीं सुलझी तो अफसर हटेंगे



**पटना (एजेंसी)** बिहार में शुरू हुए सहयोग शिविर में सीएम सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है उन्होंने कहा कि 30 दिनों में शिकायतों का समाधान नहीं हुआ तो अफसर सस्पेंड होंगे, जबकि अस्पतालों से अनावश्यक रेफर करने पर उर के खिलाफ बिहार में जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मंगलवार से सहयोग शिविर अभियान की शुरूआत हो गई. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोनपुर प्रखंड के डुमरी बुजुर्ग पंचायत में पहला सहयोग शिविर लगाकर लोगों की शिकायतें सुनीं. शिविर में कुल 67 शिकायतें सामने आईं, जिनके समाधान का दावा मुख्यमंत्री ने मौके पर ही किया मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता के भरोसे बनी है और लोगों की समस्याओं का समाधान करना उसकी पहली जिम्मेदारी है उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सहयोग शिविर में मिली शिकायतों का निपटारा 30 दिनों के भीतर हर हाल में करना होगा ऐसा नहीं होने पर संबंधित अधिकारी को 31वें दिन सस्पेंड कर दिया

जाएगा हर महीने पंचायतों में लगेंगे शिविरमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सभी मंत्री अपने-अपने जिलों में सहयोग शिविर लगाएंगे. इसका मकसद पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना है ताकि आम जनता को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक गांवों और पंचायतों में जाकर जनता की समस्याएं सुन रहे हैं सरकार चाहती है कि लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिले और शिकायतों का त्वरित निपटारा हो बाबा हरिहरनाथ के नाम पर बनेगी टाउन शिप सोनपुर में विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने इस क्षेत्र को गोद लेने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया जा रहा है उन्होंने बताया कि यहां एयरपोर्ट और नई टाउनशिप का निर्माण हो रहा है मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि अब बाबा हरिहरनाथ के नाम पर नई टाउनशिप विकसित की जाएगी, जिससे इलाके का तेजी से विकास होगा और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंग स्पतालों में रेफर सिस्टम पर सख्तीस्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी मुख्यमंत्री ने बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि जिला और अनुमंडल अस्पतालों से मरीजों को बिना वजह रेफर करने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 15 अगस्त तक ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिसमें अनावश्यक रेफर करने पर सिविल सर्जन (CS) के खिलाफ कार्रवाई हो हालांकि गंभीर मरीजों के मामले को इससे अलग रखा जाएगा

## बिहार में नाबालिग वाहन चलाते पकड़े गए तो पैरेंट्स को होगी जेल



**पटना (एजेंसी)** बिहार में जून से नाबालिगों के वाहन चलाने पर बड़ा अभियान शुरू होगा स्कूल, कॉलेज, कोचिंग और बाजारों में विशेष टीम जांच करेगी नाबालिग गाड़ी चलाते पकड़े गए तो 25 हजार जुमार्ना और अभिभावकों को जेल तक हो सकती है (प्रहलाद कुमार, पटना) बिहार में अब नाबालिगों के गाड़ी चलाने पर सख्ती बढ़ाई जाएगी. परिवहन विभाग ने जून महीने से पूरे राज्य में विशेष अभियान चलाने का फैसला किया है इसके लिए सभी जिलों के डीटीओ को निर्देश भेज दिए गए हैं इस अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, मॉल और भीड़भाड़ वाले बाजारों में विशेष टीम तैनात की जाएगी ये टीमें बाइक, स्कूटी और कार चलाने वाले नाबालिगों की जांच करेंगी अगर कोई बच्चा कम उम्र में वाहन चलाते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी अभिभावकों पर भी होगी कार्रवाइ 'परिवहन विभाग ने साफ किया है कि केवल नाबालिग ही नहीं, उनके माता-पिता भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे अगर कोई नाबालिग गाड़ी चलाते पकड़ा जाता है तो उसके अभिभावक पर 25 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है इसके अलावा तीन महीने तक की जेल की सजा का भी प्रावधान है विभाग का कहना है कि कई बार माता-पिता खुद बच्चों को बाइक या कार चलाने देते हैं इससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है इसलिए अब अभिभावकों को भी जिम्मेदार माना जाएगा सड़क हादसों में बढ़ रही युवाओं की संख्याविभागीय समीक्षा में पता चला है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वालों में सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की है इनमें बड़ी संख्या नाबालिग वाहन चालकों की भी हैअधिकारियों का कहना है कि कम उम्र में गाड़ी चलाने वाले बच्चे ट्रैफिक नियमों को ठीक से नहीं समझते तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसे बढ़ रहे हैं ट्रैफिक नियम तोड़ने पर भारी जुमार्नापरिवहन विभाग ने बताया कि मोटर वाहन कानून में बदलाव के बाद नियम तोड़ने वालों पर पहले से ज्यादा सख्ती की जा रही है

## हाजीपुर में दवा व्यवसायी के घर चोरी, सोना-चांदी और लाखों नकदी लेकर फरार



**पटना (एजेंसी)** हाजीपुर में दवा व्यवसायी के घर अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरों ने करीब 4 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 1.5 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए मामले की जांच में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच तनाव की स्थिति भी बनी(गोपाल कुमार) हाजीपुर के पातेपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं सोमवार की देर रात विशनपुर कोआही गांव में दवा व्यवसायी धर्मेंद्र कुमार राय के घर अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया घर से नकदी और गहनों की चोरीपीड़ित के अनुसार, चोरों ने घर में रखे बक्से को निशाना बनाया, जिसमें करीब 1.5 लाख रुपये नकद और पत्नी के सोने-चांदी के आभूषण रखे थे। चोरी किए गए गहनों में मंगलसूत्र, चेन, कान का झुमका, मांगटीका, जितिया और तीन जोड़ी चांदी की पायल शामिल हैं सुबह खुला दरवाजा, सामान बिखरा मिला परिजनों ने बताया कि देर रात लघुशंका के लिए उठने पर मेन गेट खुला पाया गया जब घर के अंदर जाकर देखा गया तो पूरा सामान बिखरा हुआ था और बक्सा भी गायब था बाद में घर से कुछ दूरी पर टूटा हुआ बक्सा, कपड़े और कागजात बरामद हुए.पुलिस जांच के दौरान बढ़ा विवादघटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने गांव के ही कुछ लोगों पर शक जताया,

## गोपालगंज थावे मंदिर पहुंचे पर्यटन मंत्री, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा का लिया आशीर्वाद



**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मंगलवार की सुबह प्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर पहुंचे,जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की पटना से सीधे थावे पहुंचे मंत्री का मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और मंदिर प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया चितरंजन उपाध्याय) बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मंगलवार की सुबह प्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर पहुंचे,जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की.पटना से सीधे थावे पहुंचे मंत्री का मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और मंदिर प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया मंदिर के प्रधान पुजारी संजय पाण्डेय एवं मुकेश पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंत्री को मां दुर्गा का दर्शन एवं विशेष पूजा संपन्न कराई.पूजा- अर्चना के दौरान पर्यटन मंत्री ने मां दुर्गा से समस्त बिहारवासियों के सुख,समृद्धि,अमन-चैन एवं राज्य की खुशहाली की कामना की मंदिर परिसर में पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही पूजा संपन्न होने के बाद मंत्री ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर चल रहे मंदिर परिसर का विकास कार्य का समीक्षा कर विस्तृत जायजा लिया एवं मंदिर परिसर का हो रहे सौदियीकरण कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश दिया इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गिरी ऊर्फ मंटू गिरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष शैलेश तिवारी,अमन शर्मा, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मंगलवार की सुबह प्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर पहुंचे,जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की. पटना से सीधे थावे पहुंचे मंत्री का मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और मंदिर प्रशासन द्वारा स्वागत किया गयाचितरंजन उपाध्याय) बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मंगलवार की सुबह प्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर पहुंचे,जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की पटना से सीधे थावे पहुंचे मंत्री का मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और मंदिर प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया.मंदिर के प्रधान पुजारी संजय पाण्डेय एवं मुकेश पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंत्री को मां दुर्गा का दर्शन एवं विशेष पूजा संपन्न कराई.पूजा- अर्चना के दौरान पर्यटन मंत्री ने मां दुर्गा से समस्त बिहारवासियों के सुख,समृद्धि,अमन-चैन एवं राज्य की खुशहाली की कामना की.मंदिर परिसर में पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही.पूजा संपन्न होने के बाद मंत्री ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर चल रहे मंदिर परिसर का विकास कार्य का समीक्षा कर विस्तृत जायजा लिया

## बिहटा ड्राइ पोर्ट पर पहली बार इंडोनेशिया से कच्चा माल लेकर पहुंची 45 रैक वाली मालगाड़ी




**पटना (एजेंसी)** बिहटा स्थित प्रिंसटन मगध इनलैंड कंटेनर डिपो (ड्राइ पोर्ट) पर पहली बार इंडोनेशिया से फैक्ट्री का कच्चा माल लेकर 45 रैक वाली मालगाड़ी पहुंची इसके आने पर अधिकारियों ने पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर इसका स्वागत किया(मोनू मिश्रा)बिहटा स्थित प्रिंसटन मगध इनलैंड कंटेनर डिपो (ड्राइ पोर्ट) पर पहली बार इंडोनेशिया से फैक्ट्री का कच्चा माल लेकर 45 रैक वाली मालगाड़ी पहुंची इसके आने पर अधिकारियों ने पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर इसका स्वागत किया.इस पहल को बिहार में उद्योग और आयात-निर्यात गतिविधियों के विस्तार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है जानकारी के अनुसार, राज्य व केंद्र सरकार के सहयोग से बिहटा में ड्राइ पोर्ट की स्थापना की गयी है जिससे अब विदेशों से माल मंगाने और यहां से निर्यात करने की प्रक्रिया पहले की तुलना में आसान हो गयी है पहले फैक्ट्री का कच्चा माल कोलकाता से सड़क मार्ग के जरिये बिहार लाया जाता था, जिससे समय और लागत दोनों अधिक लगते थे उद्योग-धंधों को मिलेगी गति, बढ़ेगा व्यापार प्रिंसटन ड्राइ पोर्ट के सेल्स मैनेजर इंचार्ज विपुल कुमार ने बताया कि पहली बार इंडोनेशिया से प्रिंस पाइप फैक्ट्री का कच्चा माल 45 रैक में लोड होकर कोलकाता के रास्ते बिहटा ड्राइ पोर्ट पहुंचा है यहां कस्टम क्लीयरेंस की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क मार्ग से बिहार स्थित विभिन्न फैक्ट्रियों में माल भेजा जायेगा ससे उद्योगों को समय और परिवहन लागत में बड़ी राहत मिलेगी उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों में ईरान-अमेरिका तनाव के कारण आयात-निर्यात प्रभावित हुआ था लेकिन अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है बिहटा ड्राइ पोर्ट से बिहार का चावल दुबई भेजा जा रहा है वहीं, दुबई समेत अन्य देशों से माल भी यहां पहुंच रहा हैइससे बिहार में औद्योगिक गतिविधियों को नया बढ़ावा मिलने की उम्मीद है

## बिहार में छात्र के वजन के हिसाब से तय होगा स्कूल बैग, सरकार ने जारी किया आदेश, इस वजह से लिया गया



**पटना (एजेंसी)** बिहार में बच्चों के भारी स्कूल बैग को लेकर सरकार सख्त हो गई है शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों को नया निर्देश जारी किया है अब छात्रों के बैग का वजन उनके शरीर के वजन के 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए नियम तोड़ने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई हैअनुराग प्रधान बिहार में स्कूली बच्चों के भारी बस्ते को लेकर अब सरकार पूरी तरह सख्त हो गयी है शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी निजी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को एनसीइआरटी की स्कूल बैग पॉलिसी का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है नयी व्यवस्था के तहत अब किसी भी छात्र के स्कूल बैग का वजन उसके शरीर के कुल वजन के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए नियम तोड़ने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है बच्चे के वजन के हिसाब से तय होगा बैगनयी गाइडलाइन के अनुसार यदि किसी बच्चे का वजन 25 किलोग्राम है तो उसके स्कूल बैग का वजन अधिकतम 2.5 किलोग्राम तक ही होना चाहिए इसी तरह 20 किलो वजन वाले छात्र का बैग दो किलो से ज्यादा नहीं होना चाहिए इससे अधिक वजन पाये जाने पर इसे नियमों का उल्लंघन माना जायेगा पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के बैग की नियमित जांच की जिम्मेदारी शिक्षकों कीकक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के बैग की नियमित जांच की जिम्मेदारी शिक्षकों को दी गयी है यदि किसी छात्र का बैग अधिक भारी पाया जाता है तो इसकी जानकारी अभिभावकों को दी जायेगी और अगले कुछ सप्ताह तक निगरानी रखी जायेगी. विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि पढ़ाई के साथ खेल, कला और शारीरिक गतिविधियों को पर्याप्त समय दिया जाये, ताकि बच्चों का संतुलित विकास हो सके और मानसिक तनाव कम हो स्कूलों में वजन मापने की मशीन लगाना अनिवार्यशिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्कूल परिसरों में वजन मापने की मशीन लगाना अनिवार्य होगा, ताकि समय-समय पर बच्चों और उनके बैग का वजन जांचा जा सके सरकार का मानना है कि बच्चों पर पढ़ाई का अनावश्यक बोझ कम करना जरूरी है, क्योंकि भारी बैग बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं सही से टाइम-टेबल तैयार करेंशिक्षा विभाग ने स्कूलों से कहा है कि वे बच्चों के लिए ऐसा टाइम-टेबल तैयार करें, जिससे रोज अनावश्यक किताबें और कॉपियां लेकर स्कूल नहीं आना पड़े केवल जरूरी अध्ययन सामग्री ही बैग में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी बच्चों की सेहत पर पड़ रहा असरसरकार का कहना है कि भारी स्कूल बैग बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालते हैं

## निरंजना नदी पर बनेगा बहुप्रतीक्षित पुल, 25 किमी घट जाएगी बोधगया की दूरी, पटना जाना भी होगा आसान



**पटना (एजेंसी)** जिले के मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र में वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होती नजर आ रही है लाडू और कोसला गांव के बीच निरंजना नदी पर बहु प्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है मोहनपुर से संदीप कुमार जिले के मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र में वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होती नजर आ रही है लाडू और कोसला गांव के बीच निरंजना नदी पर बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है पुल निर्माण पूरा होने के बाद मोहनपुर से अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बोधगया तक की दूरी काफी कम हो जाएगी इससे छात्रों, किसानों, मरीजों और आम लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है निर्माण स्थल पहुंचीं विधायक योति देवी मंगलवार को बाराचट्टी विधायक ज्योति देवी निर्माण स्थल पर पहुंचीं और पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और संवेदक को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया विधायक ज्योति देवी ने कहा कि यह पुल केवल दो गांवों को जोड़ने वाला ढांचा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास का नया मार्ग बनेगा उन्होंने कहा कि पुल बनने से क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा बोधगया की दूरी घटकर होगी लगभग 25 किलोमीटरविधायक ने बताया कि पुल निर्माण के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 के बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र के सुलेबटा से बोधगया की दूरी लगभग 25 किलोमीटर रह जाएगी इससे मोहनपुर प्रखंड का सीधा संपर्क बोधगया से स्थापित होगा और लोगों का सफर पहले से अधिक आसान और सुरक्षित बनेगा बरसात में नहीं झेलनी पड़ेगी परेशानी उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में नदी पार करने में ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था पुल निर्माण के बाद छात्रों, किसानों, मरीजों और आम ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन सुगम हो जाएगा विधायक ने कहा कि इस मार्ग पर पड़ने वाले सैकड़ों बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर भी पैदा होंगे साथ ही क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास भी तेजी से होगा पटना तक पहुंचना भी होगा आसान

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर गांव और टोले को मुख्यधारा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है पुल निर्माण पूरा होने के बाद मोहनपुर क्षेत्र के लोगों के लिए राजधानी पटना तक पहुंच भी पहले की तुलना में अधिक आसान हो जाएगी



# ये हैं जेईई मेन परीक्षा क्रैक करने के लिए जरूरी टिप्स

**जेईई मेन एग्जाम की डेट नजदीक आ रही है। इस परीक्षा का पहला सेशन फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लाखों उम्मीदवार अपनी काबिलियत को आजमाएंगे। देश के टॉप इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली इस परीक्षा को देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। अगर आप भी इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो आपको यहां पर हम जेईई मेंस की प्रिपरेशन प्लानिंग के बारे में पूरी जानकारी और टिप्स देंगे।**

## सिलेबस को समझ कर बनाएं प्लान

जेईई मेन की तैयारी के लिए छात्रों को प्रभावी प्लान बनाने की जरूरत पड़ेगी और इसमें मदद करेंगा परीक्षा का सिलेबस। सबसे पहले सिलेबस को समझे और इसके आसान और कठिन विषयों को ध्यान में रखकर अपनी प्रिपरेशन प्लानिंग बनाएं। अपनी क्षमता और स्पीड के आधार पर, तीनों विषयों को शामिल करते हुए एक डेली प्रिपरेशन प्लान बनाएं। इसका नियमित रूप से पालन भी करें।

## बेहतर टाइम टेबल बनाएं

इस परीक्षा की तैयारी के लिए सही टाइम टेबल होना बहुत जरूरी है। टाइम टेबल को अपने परीक्षा पैटर्न को ध्यान में रखकर बनाएं। इस परीक्षा में उम्मीदवारों को 90 प्रश्नों में से 75 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक पेपर की अवधि 3 घंटे है। प्रत्येक विषय में 20 एमसीक्यू और 10 न्यूमेरिकल प्रश्न होंगे, जिनमें से 5 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। एमसीक्यू के लिए, प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा। वहीं, न्यूमेरिकल प्रश्नों में सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और इस खंड में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है।

## मौजूदा टॉपिक को पूरा करें

इस परीक्षा के पहले अटेम्ट के लिए अब दो माह से कम समय बचा है। इसलिए तैयारी में आपको पूरा जोर लगाना पड़ेगा। अब समय आ गया है कि इस परीक्षा के प्रमुख टॉपिक को आप पूरा कर लें। उसके बाद दूसरे टॉपिक को शुरू करें। यह तरीका आगे चलकर आपके लिए महत्वपूर्ण पहलू साबित होगा, क्योंकि जेईई मेन की तैयारी के अंतिम चरण के दौरान, उम्मीदवारों को अधिक जोर नहीं लगाना पड़ेगा।

## फ्लैश कार्ड तैयार करें

इस परीक्षा की तैयारी के लिए शॉर्ट नोट्स बनाना बेहद महत्वपूर्ण है। फ्लैशकार्ड और शॉर्ट नोट्स तैयार करने का उद्देश्य मुख्य परीक्षा के आयोजन में जब एक सप्ताह का समय बचा हो, उस समय अधिक से अधिक समय को बचाकर इनसे तैयारी कर सकें। इनसे उम्मीदवार जल्दी से इन शॉर्ट नोट्स और फ्लैश नोट्स के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को दोहरा सकेंगे।

## सैंपल पेपर्स की प्रैक्टिस करें

जेईई मेंस परीक्षा की तैयारी के लिए लगातार सैंपल पेपर और प्रश्न पत्रों को हल करें। जेईई मेन प्रश्न पत्र को हल करने का उद्देश्य उम्मीदवारों को उनकी तैयारी के स्तर को जानने में सक्षम बनाना है। इससे, उम्मीदवार यह पता लगाने में सक्षम होंगे कि वे हर विषय में प्रत्येक प्रश्न को हल करने में कितना समय ले रहे हैं। साथ ही क्या वे अपने समय का उचित प्रबंधन कर पा रहे हैं या नहीं, यह समझ भी उनमें आएगी। जितना अधिक वे प्रश्नों को हल करेंगे, उन्हें पता चल जाएगा कि वे कौन से क्षेत्र हैं जिनमें उन्हें अधिक काम करना होगा ताकि परीक्षा के दिन कोई कठिनाई न आए। वे अपनी कमियों को दूर कर अपनी प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं।

## लगातार मॉक टेस्ट दें

अब सभी परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट बेहद जरूरी हो गया है। यह हमें परीक्षा से पहले असपल परीक्षा का एहसास कराता है। अगर आप जेईई मेन की तैयारी कर रहे हैं, तो प्रतिदिन एक मॉक टेस्ट जरूर देने की कोशिश करें। इससे जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को किसी तरह के प्रेशर का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## रिवीजन जरूर करें

सभी परीक्षा के लिए रिवीजन बहुत ही जरूरी है। इसके बिना परीक्षा को क्रैक नहीं कर सकते। इसलिए, उम्मीदवारों को समय रहते जो कुछ पढ़ा है उसे अच्छी तरह से दोहरा लेना चाहिए। इससे टॉपिक को याद करने में काफी मदद मिलेगी। आप जो भी टॉपिक पढ़े उसका हर सप्ताह रिवीजन भी करें। इससे आपको याद करते में मदद मिलेगी।





# डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर संवारें अपना कॅरियर

डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। शरीर के अन्य भागों की तरह ही दांत भी मनुष्य के शरीर का एक अहम हिस्सा हैं। आमतौर पर ओरल हेल्थ का ख्याल रखना बेहद ही जरूरी माना जाता है और लोग इसका ख्याल रखते भी हैं। हालांकि दांतों व ओरल हेल्थ से संबंधित कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है और ऐसे में एक पेशेवर की जरूरत पड़ती है। वैसे जब ओरल हेल्थ को लेकर डॉक्टर का ख्याल आता है तो हम सभी डेंटिस्ट के पास जाना पसंद करते हैं। लेकिन अब, दंत चिकित्सा तेजी से बदल रही है, कई अवसरों और चुनौतियों का निर्माण कर रही है। दंत चिकित्सकों के रूप में मुख्य कॅरियर के अलावा, दंत चिकित्सा सहायक, डेंटल हाइजीन के क्षेत्र में भी आप कॅरियर के अवसर तलाश सकते हैं। तो चलिए आज हम जानते हैं कि डेंटल हाईजीनिस्ट बनकर आप अपना कॅरियर कैसे संवार सकते हैं–

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। डेंटल हाइजिनिस्ट अमूमन डेंटिस्ट को मरीजों के दांतों की देखभाल करने और अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को मेंटेन रखने में रोगियों को शिक्षित करने में सहायता करते हैं। डेंटल हाइजीनिस्ट के कुछ अधिक विशिष्ट कर्तव्यों में दांतों से टार्टर और प्लाक को हटाना, दांतों की सुरक्षा के लिए फ्लोराइड या सीलेंट लगाना, एक्स-रे लेना और उचित मौखिक स्वच्छता पर मरीजों को शिक्षित करना शामिल है। हाइजीनिस्ट मरीजों को अपने दांतों की देखभाल के बारे में बात करने में समय बिताते हैं। वे लोगों को उन प्रभावों के बारे में शिक्षित करते हैं जो उनके आहार और जीवन शैली का उनके दांतों पर प्रभाव डालते हैं। साथ ही वे दांतों को स्वस्थ रखने के लिए तकनीकों और आदतों के बारे में बताते हैं।

## शैक्षिक योग्यता

डेंटल हाइजीनिस्ट कोर्स को कई डेंटल कॉलेजों में डिप्लोमा या सर्टिफकिट कोर्स के रूप में पेश किया जाता है। जो छात्र डेंटल हाइजीनिस्ट का कोर्स करना चाहते हैं, उन्हें 12वीं की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषय में पास करना अनिवार्य है।

## व्यक्तिगत योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, डेंटल हाइजीनिस्ट की आंखों की रोशनी, सुनने और संचार कौशल अच्छा होना चाहिए। किसी भी अन्य चिकित्सा क्षेत्र के साथ, उन्हें दूसरों की मदद करने की तीव्र इच्छा होनी चाहिए, और दंत चिकित्सकों के निर्देशों का बारीकी से पालन करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, अच्छा पारस्परिक कौशल, धैर्य, परिश्रम और उच्च स्तर की सटीकता एक अच्छा हाइजीनिस्ट होने के लिए आवश्यक कौशल हैं। एक टीम के रूप में काम करने की क्षमता भी इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

## संभावनाएं ही संभावनाएं

दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बतौर डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर भी आप एक अच्छा कॅरियर देख सकते हैं। एक डेंटल हाईजीनिस्ट अस्पताल से लेकर कम्युनिटी डेंटल सर्विस के रूप में काम कर सकते हैं। इसके अलावा वे पीरियोडोंटिक्स या बाल चिकित्सा दंत चिकित्सा में भी काम कर सकते हैं। डेंटल हाईजीनिस्ट डेंटल हॉस्पिटल, आर्म्ड फोर्स, पब्लिक हेल्थ सेक्टर व प्राइवेट रूप से भी प्रैक्टिस कर सकते हैं।

## आमदनी

डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी उनकी शिक्षा, अनुभव व स्थान के आधार पर भिन्न होती है। एक डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी घंटे, दिन, सैलरी या कमिशन बेस पर हो सकती है। हालांकि इस क्षेत्र में एक फ्रेशर प्रति माह आठ से दस हजार रूपए वेतन प्राप्त कर सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- भारत इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- भारत यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- जया पैरामेडिकल कॉलेज एंड एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, हरियाणा
- लक्ष्मी बाई इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल, पटियाला



# कृषि का अध्ययन करने के बाद एक सफल उद्यमी कैसे बनें

**उद्यमिता और कृषि बिलकुल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कृषि एक उद्योग है, जो दुनिया भर में है और धरती की पूरी आबादी को प्रभावित करता है। और यह सही है कि कृषि उद्यमी की हमेशा जरूरत रहेगी। उद्यमिता आजकल हर जगह पाई जा सकती है। हर पेशे में एक उद्यमी क्षेत्र होता है। उस विशेष क्षेत्र में कृषि निश्चित रूप से बहुत अहम भूमिका निभाता है। उद्यमिता और कृषि बिलकुल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कृषि एक उद्योग है, जो दुनिया भर में है और धरती की पूरी आबादी को प्रभावित करता है। और यह सही है कि कृषि उद्यमी की हमेशा जरूरत रहेगी।**

उद्यमिता क्षेत्र के किसान आजकल अपने खेतों को व्यवसाय मानते हैं और वे उन्हें ऐसा ही मानेंगे। वे जोखिम लेने के लिए तैयार हैं, वे नई और इनोवेटिव तकनीकों का इस्तेमाल करेंगे और सामान्य तौर पर वे अपनी सामर्थ्य के हिसाब से सब कुछ करेंगे जो उन विचारों के साथ आएंगे जो उनके लाभ को अधिकतम करेंगे, उनके प्रयास को कम करेंगे और उनके व्यवसाय को बढ़ाएंगे। आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए उद्यमियों की भूमिका को मान्यता देते हुए विश्वविद्यालय और कॉलेज स्तर में कई पाठ्य कार्यक्रमों ने छात्रों के उद्यमिता कौशल को विकसित करने के लिए एक विषय के रूप में उद्यमिता को शामिल किया है। हालांकि, मौजूदा समय में नौकरियों को भरने के लिए कॉलेज में इस विषय का अध्ययन करने वाले पर्याप्त छात्र नहीं हैं। और इसके परिणामस्वरूप सफल कृषि व्यवसाय चलाने के अनुभव वाले कम लोग ही होंगे।

## कृषि-उद्यमी बनने के लिए जरूरी कदम

**प्रक्रिया का पहला चरण**- यदि उद्यमिता की अवधारणा के साथ खुद को परिचित करना है तो आपको यह समझने की आवश्यकता है कि उद्यमशीलता क्या है और यह आपके खेत को कैसे लाभ पहुंचा सकती है।

**दूसरा कदम**- कृषि की दुनिया के सभी नए नए विचारों के बारे में सीखना है। नई सामग्रियों और उर्वरकों से लेकर नई मशीनों और प्रौद्योगिकियों तक। इससे आपको अपने खेत को एक वास्तविक बड़े व्यवसाय के रूप में कल्पना करने में और उन सभी छोटी छोटी चीजों को व्यवस्थित करने में, जो आपको याद आ रही हैं, काफी मदद मिलेगी।

**तीसरा कदम**- एक साझेदारी बनाना है। एक उद्यमी के रूप में सफल होने के लिए ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी और आपको उन चीजों को प्रदान करने के लिए किसी की आवश्यकता भी संभवत: हो सकती है। उन लोगों के साथ सही साझेदारी बनाएं, जो आपके सपने और सफलता की महत्वाकांक्षा को साझा करते हैं।

**चौथा कदम**- कृषि के क्षेत्र में 'धमाकेदार' के साथ अपना नया 'स्टार्ट-अप' व्यवसाय शुरू करना है। आपको एक बहुत मजबूत और ठोस व्यवसाय योजना की आवश्यकता है। आपको कुछ जोखिम भी उठाने पड़ सकते हैं। यह जानना कि आप किस उद्देश्य से काम कर रहे हैं, सही व्यवसाय योजना बनाना बहुत कठिन काम नहीं है।

आपके लिए यह याद रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि साझेदारी आपके कृषि व्यवसाय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यदि आप वास्तव में सफल उद्यमी बनना चाहते हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप जो भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं, उसका ठीक से उपयोग करेंगे।



# कैसे बनाएं अभिलेखीय विज्ञान में कॅरियर

प्रत्येक स्थान का इतिहास हजारों पांडुलिपियों, अभिलेखों, शिलालेखों, दस्तावेजों आदि में अंतर्निहति है, इन अद्वितीय अभिलेखों को वैज्ञानिक रूप से संरक्षित और अभिलेखीय अभिलेख या आर्काइवल रिकॉर्ड्स कहा जाता है, जो किसी विशेष क्षेत्र और समाज के इतिहास को समझने में मदद करते हैं। आमतौर पर लोग म्यूजियम, आर्काइव्स और लाइब्रेरी को लेकर भ्रमित हो जाते हैं, क्योंकि ये सभी सांस्कृतिक संस्थाएं हैं, जो सांस्कृतिक विरासत के संग्रह और संरक्षण से संबंधित हैं। यह तीनों ही इतिहास को संरक्षित रखने में मदद करते हैं, लेकिन फिर भी इनमें अंतर है। जहां, संग्रहालय ऐतिहासिक कलाकृतियों और वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं पुस्तकालय में प्रकाशित पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि को रखा जाता है, जबकि आर्काइव्स अभिलेखों पर ध्यान केंद्रित करने में माहिर हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बताते हैं कि अभिलेखीय विज्ञान में कॅरियर कैसे बनाएं–

**कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक व्यक्ति जो अभिलेखागार में काम करता है, उसे पेशेवर रूप से एक अभिलेखागार या आर्काइवल के रूप में जाना जाता है। अभिलेखागार ऐतिहासिक रिकॉर्ड संग्रह का प्रबंधन करने के लिए मानकों का पालन करते हैं।**

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक व्यक्ति जो अभिलेखागार में काम करता है, उसे पेशेवर रूप से एक अभिलेखागार या आर्काइवल के रूप में जाना जाता है। अभिलेखागार ऐतिहासिक रिकॉर्ड संग्रह का प्रबंधन करने के लिए मानकों का पालन करते हैं। वे उन अभिलेखों का मूल्यांकन, संग्रह, आयोजन, संरक्षण और रखरखाव करते हैं, जिनके पास अतीत की विश्वसनीय यादों के रूप में स्थायी मूल्य होते हैं। वे ऐसे लोग हैं जो राष्ट्रीय और स्थानीय अभिलेखागार, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, व्यवसायों, आदि में दस्तावेजीकरण के लिए जिम्मेदार हैं, वे कानूनी, वित्तीय और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए रिकॉर्ड को संरक्षित और सुलभ बनाते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, अधिकांश कॉलेज और विश्वविद्यालय सूचना विज्ञान के साथ एक सहायक विषय के रूप में अभिलेखीय विज्ञान पढ़ाते हैं। वहीं, भारत में कुछ संस्थान ऐसे भी हैं, जो अभिलेखीय विज्ञान में सर्टिफकिट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं जैसे कि अभिलेखागार में पीजी प्रमाणपत्र, अभिलेखागार अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अभिलेखागार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अभिलेखागार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और अभिलेखागार और प्रबंधन और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि।

## व्यक्तिगत गुण

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक आर्काइविस्ट में बेहतर कम्युनिकेशन स्किन के अलावा एनालिटकल एंड रिसर्च स्किल्स, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स और आर्गेनाइजेशनल एबिलिटी होना बेहद जरूरी है। उन्हें धैर्य रखने के अलावा सटीक, पूरी तरह से समझने और क्या जानकारी रखने के बारे में अच्छे निर्णय लेने में सक्षम होने की आवश्यकता है। उन्हें एक सुव्यवस्थित और व्यवस्थित तरीके से काम करना चाहिए, जानकारी को निजी रखने और दबाव में अच्छी तरह से काम करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, एक आर्काइविस्ट को कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का भी सही तरह से इस्तेमाल करना आना चाहिए।

## संभावनाएं

आर्काइविस्ट विभिन्न संगठनों जैसे संग्रहालयों, सरकारी एजेंसियों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, औद्योगिक और वाणिज्यिक फर्मों, ऐतिहासिक सोसाइटी, निगमों और अन्य कई संस्था में काम कर सकते हैं। वहीं, सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करने वालों को संघ लोक सेवा आयोग या कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं को पास करना होगा। भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार, संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, जो राष्ट्र के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों और अभिलेखागार का प्रबंधन करता है, अपनी विभिन्न इकाइयों में योग्य उम्मीदवारों को नौकरी के विभिन्न अवसर प्रदान करता है।

इस क्षेत्र में एक फ्रेशर शुरुआती वेतन 10000 रुपये से लेकर 15000 रुपये प्रति माह तक कमा सकता है। अनुभवी और योग्य पेशेवर प्रति माह लगभग 20,000 रुपये का वेतन प्राप्त कर सकते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ-साथ आपकी आमदनी भी बढ़ती है।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल आर्काइव्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली
- पटना यूनिवर्सिटी, पटना
- महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी, अजमेर
- द गांधीग्राम रूरल इंस्टीट्यूट, तमिलनाडु



# मई के अंतिम सप्ताह में मानसून दे सकता है आमद, कई राज्यों में होगी बारिश

## -उत्तर पश्चिम भारत के ज्यादातर राज्य गर्मी का करेंगे सामना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में मॉनसून की एंट्री में बस कुछ ही दिन हैं। खबर मिल रही है कि मई के अंतिम सप्ताह में मानसून की केरल में आमद हो सकती हैं। वहीं, उत्तर पश्चिम भारत के ज्यादातर राज्य गर्मी का सामना करेंगे। हालांकि, उत्तराखंड समेत कुछ राज्यों में बारिश के आसार हैं। इसके अलावा भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कम से कम 10 राज्यों में बारिश की संभावनाएं जताई है।

आईएमडी ने कहा है कि 19 मई से 22 मई के बीच जम्मू-कश्मीर, 20 से 22 मई के बीच उत्तराखंड में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं इस दौरान हवा की रफ्तार 30-40 किमी प्रतिघंटा पहुंच सकती है। साथ ही अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 19 से 24 मई, गंगीय पश्चिम बंगाल में 21 और 22 मई, ओडिशा में 19 मई और 22 मई से 24 मई को बारिश हो सकती है।

बिहार में 19 से 21 मई के बीच, झारखंड में 20 मई, ओडिशा में 20 और 21 मई को तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना है। दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु, तटीय कर्नाटक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे में 19 मई को भारी बारिश की संभावना है। 19 से 22 मई के बीच असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में बारिश के आसार हैं। अरुणाचल प्रदेश में 22 मई को भारी बारिश हो सकती है। जबकि, असम और मेघालय में ऐसा ही मौसम 21 और 22 को बन सकता है। मौसम विभाग ने सोमवार को कहा था कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 26 मई को केरल पहुंचने की संभावना है। विभाग ने यह भी कहा कि मॉनसून के आगमन की तारीख में चार दिन का अंतर देखने को मिल सकता है। अगले पांच दिनों में केरल और माहे के कुछ हिस्सों में बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक ऐसा दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण के कारण हो सकता है, जिससे केरल, दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा और दक्षिण लक्षद्वीप से सटे दक्षिण-पूर्वी अरब सागर में निम्न वायु दाब का क्षेत्र बन गया है।

आईएमडी के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून दक्षिण-पूर्वी अरब सागर के अधिकांश हिस्सों और कन्याकुमारी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक यह दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों, अंडमान सागर के अधिकांश भाग, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में भी आगे बढ़ चुका है।

# पूर्व जज वर्मा के इस्तीफे के बाद भी नहीं थमी मुश्किलें, समिति ने जांच रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष बिरला को सौंपी



नई दिल्ली (एजेंसी)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा की मुश्किलें इस्तीफे के बाद भी कम होती नजर नहीं आ रही हैं। उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर रही तीन सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए यह रिपोर्ट सोमवार को सौंपी गई है। रिपोर्ट को जल्द ही संसद के दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। दरअसल, पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से जले हुए नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद मामला सुर्खियों में आया था। इस घटना के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव से संबंधित नोटिस दिए थे, जिन्हें स्वीकार कर जांच प्रक्रिया शुरू की गई थी। मामले की जांच के लिए गठित समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चन्द्रशेखर तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी.वी. आचार्य शामिल थे। समिति का पुनर्गठन 25 फरवरी को किया गया था। इसी बीच, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने 10 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। उनके इस्तीफे के बाद महाभियोग की कार्यवाही तकनीकी रूप से निष्प्रभावी हो गई, लेकिन जांच प्रक्रिया जारी रही। गौरतलब है कि दिल्ली आवास से कथित रूप से जले हुए नोट मिलने की घटना के बाद से न्यायमूर्ति वर्मा लगातार विवादों और आलोचनाओं के केंद्र में रहे हैं। अब जांच रिपोर्ट संसद में पेश होने के बाद इस मामले पर राजनीतिक और कानूनी बहस तेज होने की संभावना है।

# सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सीजेआई सूर्यकांत की नसीहत, आंदोलन से उनका करियर हो सकता है बर्बाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीजेआई सूर्यकांत ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर देश के युवाओं को लेकर टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि किसी को भी धमकी नहीं देनी चाहिए और ना ही कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है लेकिन आम लोगों के लिए परेशानी पैदा करना उचित नहीं है। कोर्ट ने यह टिप्पणी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नामकरण से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। एक सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस दावे पर प्रतिक्रिया दी कि सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं और इससे उनका करियर बर्बाद हो सकता है। सीजेआई ने कहा कि उन्हें धमकी नहीं देनी चाहिए और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा नहीं करनी चाहिए। हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, कानून के तहत जो अनुमति है, वह किया जा सकता है। लेकिन सड़कों पर आकर आम लोगों के लिए परेशानी पैदा नहीं करनी चाहिए।

# ऋषिकेश में उज्जैनी एक्सप्रेस के तीन कोच पटरी से उतरे, टला बड़ा हादसा

देहरादून (एजेंसी)। ऋषिकेश में सोमवार रात उज्जैनी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे शंटिंग के दौरान पटरी से उतर गए। योगनगरी रेलवे स्टेशन पर हुई घटना में, जब इंजन शंटिंग लाइन के अंत में लगे बफर से टकराया, तब ट्रेन के डिब्बों पर अत्यधिक दबाव पड़ गया। हालांकि, ट्रेन खाली होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6 बजे योगनगरी स्टेशन पहुंची यह ट्रेन मंगलवार सुबह 6:15 बजे वापस रवाना होनी थी। इसकाराण रात में लगभग 9:42 बजे प्लेटफॉर्म से खांड गांव स्थित शंटिंग लाइन पर ले जाया जा रहा था। तभी, इंजन तेज गति से या अनियंत्रित होकर डेड एंड पर लगे बफर से टकरा गया। इस जोरदार टक्कर के कारण पूरी ट्रेन झटके के साथ रुक गई और डिब्बों पर पड़े भीषण दबाव से एक बोगी ट्रैक से पूरी तरह बाहर निकल गई, जबकि दूसरी बीच से मुड़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कुल मिलाकर तीन डिब्बे प्रभावित हुए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया और लोग तुरंत घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी, इंजीनियरिंग टीम और पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत ट्रैक को दुरुस्त करने और क्षतिग्रस्त डिब्बों को हटाने का काम शुरू किया, जो देर रात तक जारी रहा। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा होने के कारण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को अतिरिक्त प्रयास करने पड़े। प्रारंभिक तौर पर इस दुर्घटना का कारण तकनीकी गड़बड़ी, अत्यधिक बल का प्रयोग या फिर शंटिंग प्रक्रिया में लापरवाही को माना जा रहा है। रेलवे की उच्चस्तरीय तकनीकी टीम पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# मंदिरों के पास रखे सोने के मॉनेटाइजेशन की कोई योजना नहीं : केंद्र सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने उन रिपोर्टों और सोशल मीडिया दावों को पूरी तरह गलत, भ्रामक और आधारहीन बताया है, जिसमें दावा हुआ था कि केंद्र सरकार मंदिरों, ट्रस्टों और धार्मिक संस्थानों के लिए गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम शुरू करने पर विचार कर रही है। वित्त मंत्रालय ने साफ कहा हैं कि केंद्र सरकार की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव न मंजूर किया गया है और न ही इस तरह की कोई योजना विचाराधीन है। कुछ रिपोर्टों में बताया गया था कि मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले गोल्ड बॉन्ड जारी किए जाएंगे या इन भंडारों को 'स्ट्रैटेजिक गोल्ड रिजर्व ऑफ इंडिया' का हिस्सा बनाया जाएगा, लेकिन केंद्र सरकार ने इन सभी दावों को सिरे से खारिज किया है। मोदी सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिना पुष्टि वाली खबरों और अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें साझा करें। साथ ही कहा गया है कि नीतिगत फैसलों से जुड़ी सही जानकारी केवल आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों और सरकारी स्रोतों से ही प्राप्त करें। इस बीच, प्रधानमंत्री से जुड़े एक कथित बयान को लेकर भी चर्चा रही, जिसमें नागरिकों से ऊर्जा और संसाधन बचत जैसे सुझावों की बात कही गई थी। हालांकि, इसतरह के किसी भी सार्वजनिक संदेश या संदर्भ को लेकर आधिकारिक पुष्टि ही अंतिम मानी जाती है।

# कनाडा से लौटे आशिक ने की मशहूर पंजाबी सिंगर की हत्या, नीलो नहर से मिला शव

## -पुलिस की लापरवाही से आरोपी सुखविंदर कनाडा फरार

लुधियाना (एजेंसी)। पंजाब के लुधियाना में बेहद दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे संगीत जगत को झकझोर दिया है। मशहूर पंजाबी सिंगर इंदर कौर उर्फ यशइंदर कौर, जो छह दिन पहले गन प्वाइंट पर अगवा की गई थीं, कि निर्ममता से हत्या कर दी गई है। उनका शव नीलो नहर से बरामद हुआ है, जिसकी शिनाख्त के बाद परिवार में मातम छा गया है। सिंगर के शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। इस खौफनाक मर्डर मिस्ट्री की कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है, जिसमें प्यार, जिद और खूनी अंजाम शामिल है। मृतका के भाई जोतइंदर सिंह ने बताया कि इंदर कौर की दोस्ती मोगा के गांव भलूर निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा से थी। जोतइंदर सिंह का आरोप है कि सुखविंदर उनकी बहन से जबरन शादी करना चाहता था, लेकिन इंदर कौर ने इस शादी से साफ इंकार किया था। बस इसी शादी से इंकार की रंजिश को दिल में पाले सुखविंदर सिंह ने एक खौफनाक साजिश रच डाली। आरोपी सुखविंदर, अपनी इस जिद को पूरा करने और इंदर कौर को रास्ते से हटाने के लिए खास तौर पर कनाडा से पंजाब आया था। 13 मई की रात इंदर कौर बाजार से राशन लेने निकली थीं, तभी सुखविंदर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें घेरा और पिस्तौल की नोक पर अगवा किया। इसके बाद आरोपियों ने बेरहमी से इंदर कौर की जान ले ली और शव को छुपाने के लिए नीलो नहर में फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी सुखविंदर सिंह पुलिस को चकमा देकर वापस कनाडा फरार हो गया है।

# मेरी गैरमौजूदगी को चुप्पी न समझा जाए, मैं जल्द लौटूंगी अपने देश

**-बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की तारिक रहमान को चुनौती**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेरी गैरमौजूदगी को चुप्पी न समझा जाए। मैं जल्द अपने देश वापस लौटूंगी। यह कहना है बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि लगातार अपने देश और लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष कर रही हैं। फिलहाल वो भारत में अपना समय बिता रहीं हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना ने कहा कि 17 मई 1981 उनके जीवन का बेहद भावुक दिन था, जब वह छह साल के निर्वासन के बाद भारत से बांग्लादेश लौटी थीं। उन्होंने कहा कि उस समय भी उनके खिलाफ साजिशें हुई थीं, मुकदमे दर्ज किए गए थे और जान का खतरा था, लेकिन जनता के प्यार और समर्थन ने उन्हें वापस लौटने की ताकत दी।

उन्होंने कहा कि इस बार उनकी वापसी किसी तय तारीख पर निर्भर नहीं है, बल्कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक माहौल, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, राजनीतिक अधिकारों और कानून के शासन की बहाली पर निर्भर करेगी। हसीना ने दावा किया कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि 19 बार हत्या की कोशिशों से मैं बच चुकी हूं। जब तक अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा है, मैं बहुत जल्द बांग्लादेश की धरती पर लौटूंगी।

पूर्व पीएम हसीना ने कहा कि अवामी लीग कोई ऐसी पार्टी नहीं है, जिसे बंद किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह जनता की पार्टी है, आम लोगों की पार्टी है और इसे कागज पर लिखे प्रतिबंध से खत्म नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सत्ता अवामी लीग से डरता है, क्योंकि अगर पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से काम करने दिया गया तो सरकार की 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियां' उजागर हो जाएंगी। उन्होंने साफ कहा कि पार्टी को तोड़ने की साजिशें सफल नहीं होंगी और सुधार का फैसला पार्टी के आंतरिक लोकतांत्रिक ढांचे के तहत ही होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना ने इंटरव्यू में बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि देश फिर से 2001 से 2006 के उस दौर की ओर बढ़ सकता है, जब कट्टरपंथ और उग्रवादी ताकतें मजबूत हुई थीं। हसीना ने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार के नेतृत्व में अवामी लीग के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ 'खामोश राजनीतिक नरसंहार' चलाया गया। उनके मुताबिक करीब 600 नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या की गई, जबकि डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को झूठे मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पार्टी नेताओं के घरों और कारोबारों को निशाना बनाया गया और समर्थकों में डर का माहौल पैदा किया गया।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बोले- एक्शन लेने के बजाए मोदीजी विदेश चले गए

## आने वाला है आर्थिक तूफान, आम जनता होगी तबाह

**रायबरेली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिन के यूपी दौरे पर हैं। मंगलवार को रायबरेली में उन्होंने कहा कि आर्थिक तूफान अब आने वाला है। पीएम मोदी ने अदाणी और अंबानी वाला जो आर्थिक ढांचा बनाया है, वह खड़ा नहीं हो पाएगा, बल्कि पूरा टूटेगा। दुख की बात है कि इसका नुकसान आम जनता को होगा। राहुल गांधी ने कहा कि यूपी की जनता को शॉक लगेगा। आर्थिक शॉक आ रहा है। वह अदाणी, अंबानी या पीएम मोदी को नहीं लगेगा। वह यूपी के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा है। एक्शन लेने की बजाए प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि प्रधानमंत्री मोदी खुद दुनिया के चक्कर काट रहे हैं।



राहुल ने कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं। जहां भी आप जाएंगे, मुझे बुला लीजिए, मैं आपके साथ रहूंगा। मैं जनता के साथ खड़ा हूं, जनता के साथ दिखाई देता हूं और जनता से प्यार करता हूं। आप देख लीजिए, देश के तमाम बड़े नेता मोदी जी, अमित शाह जी, गडकरी सभी अंबानी जी की के घर शादी में गए थे। राहुल गांधी वहां कभी नहीं जाएंगे। मैं यह संदेश दे रहा था कि मैं भी आप लोगों के बीच आना चाहता हूं, आपके घरों में आना चाहता हूं। आपने मेरा समर्थन किया, आपने बारात घर की मांग की थी, हमने आपको बारात घर भी दे दिया। अगली बार जब यहां शादी होगी तो मुझे जरूर बुलाइए, मैं जरूर आऊंगा। हमारा रिश्ता प्यार का है, दिल का रिश्ता है, परिवार जैसा रिश्ता है। जनता मेरे लिए माता-पिता, दादी, बहन और भाई जैसी है।

### ...और खुद विदेश चले गए

राहुल ने कहा- नरेंद्र मोदी कहते है कि सोना मत खरीदो, इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदो, विदेश मत जाओ। इतना कहने के बाद नरेंद्र मोदी विदेश चले जाते हैं। दुख की बात है कि अब जबरदस्त आर्थिक तूफान आने वाला है, जिसको कोई रोक नहीं सकता। ऐसा आर्थिक तूफान आने वाला है, जो आपने हमने कभी जिंदगी में नहीं देखा होगा। इसकी चोट किसको लगेगी। अंबानी-अदाणी अपने महलों में बैठे रहेंगे। उनके महलों में चारों ओर सिक्योरिटी होगी। हिंदुस्तान के मजदूर, युवाओं, छोटे व्यापारियों को चोट लगेगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने आपसे जो वादा किया था, वह पूरा किया। देश की बात करते हुए राहुल ने कहा कि जनता का पैसा, मजदूरों का पैसा, किसानों का पैसा, पीएम नरेंद्र मोदी ने अंबानी और अदाणी को दे दिया। उन्होंने छोटे व्यापारियों से पैसा खींचकर अपने मित्रों को दे दिया।



# अखिलेश का ऐलान, यूपी में कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भविष्य के चुनावों में सहयोगी दलों के साथ गठबंधन जारी रहेगा और पार्टी का मूल मंत्र 'सीटें नहीं, जीत' होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ संयुक्त प्रचार के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी गठबंधन धर्म निभाने में अनुभवी है और सहयोगियों के हित का ध्यान रखती है। सपा मुखिया ने कहा कि हमारी पार्टी ने कई गठबंधन किए हैं। हमारे पास गठबंधन का अनुभव है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा अपने सहयोगियों के लिए लाभ सुनिश्चित किया है। हम लोगों ने कभी किसी को धोखा नहीं दिया है। आज जो गठबंधन है, वहां आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में गठबंधन की चर्चा सीटों के लिए सौदेबाजी के इर्द-गिर्द नहीं बल्कि चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के इर्द-गिर्द घूमेगी। अखिलेश ने कहा, गठबंधन में सीटों का सवाल नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के दौरान भी मैंने कहा था कि मुद्दा सीटों का नहीं है, मुद्दा जीत का है। यही फॉर्मूला फिर काम करेगा। सवाल सीटों का नहीं होगा, सवाल जीत का होगा।

# सीएम की पत्नी पर टिप्पणी: खेड़ा के बाद अब सुरजेवाला पर शिकंजा

## -असम की क्राइम ब्रांच ने कांग्रेस नेता को समन भेज पूछताछ के लिए बुलाया

**डिसपुर (एजेंसी)।** असम के सीएम हिमंता विश्वा सरमा की पत्नी पर की गई कथित टिप्पणी से जुड़ा राजनीतिक विवाद थम नहीं रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के बाद अब असम पुलिस ने कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला पर शिकंजा कसा है। मामले की जांच कर रही असम पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सुरजेवाला को समन जारी किया है।



सूत्रों के मुताबिक क्राइम ब्रांच ने सुरजेवाला को 23 मई को गुवाहाटी में जांच अधिकारियों के सामने हाजिर होने का निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस माह पवन खेड़ा से हुई कई घंटों की पूछताछ में जो बातें सामने आईं, उसके आधार पर सुरजेवाला को यह समन भेजा गया है। इस घटनाक्रम से असम में सत्तारूढ़ बीजेपी और कांग्रेस के बीच राजनीतिक तनातनी और तेज हो गई है।

बता दें यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में असम के सीएम हिमंता विश्वा सरमा की पत्नी को लेकर कथित तौर पर कुछ विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। इन बयानों के बाद असम में एक शिकायत दर्ज कराई गई। इसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर पवन खेड़ा को पूछताछ के लिए गुवाहाटी बुलाया था। इस माह खेड़ा क्राइम ब्रांच के सामने पेश हुए थे, जहां उनसे करीब 8 घंटे तक पूछताछ की गई थी। पूछताछ के बाद हालांकि पवन खेड़ा ने जांच को लेकर कोई विस्तृत टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह जरूर साफ किया कि कांग्रेस असम की बीजेपी सरकार के खिलाफ अपनी राजनीतिक लड़ाई जारी रखेगी।

इस मामले ने अब राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर ली हैं। जांच अधिकारी अब इस विवाद से जुड़े अन्य कथित बयानों और सोशल मीडिया नैरेटिव की भी गहराई से पड़ताल कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने पहले ही इस बात के संकेत दिए थे कि मामले की तह तक जाने के लिए कांग्रेस के अन्य नेताओं से भी पूछताछ की जा सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक रणदीप सुरजेवाला को औपचारिक तौर पर समन मिलने के बाद पूछताछ के अगले दौर से पहले ही असम का सियासी पारा चढ़ने की उम्मीद है। कांग्रेस लगातार इस पूरी पुलिस जांच को राजनीति से प्रेरित बता रही है। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी पुलिस की इस कार्रवाई का बचाव कर रही है। बीजेपी का साफ कहना है कि यह मामला सार्वजनिक विमर्श में गरिमा और जवाबदेही से जुड़ा हुआ है।

# आप नेता सिंगला की गिरफ्तारी पर केजरीवाल ने बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप

**-ईडी की कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना**

**-बीजेपी ने कहा- जांच निष्पक्ष**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक लोन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला को दिल्ली और गोवा में छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, कार्रवाई के दौरान कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए, जिसके आधार पर गिरफ्तारी की गई। वहीं इस गिरफ्तारी को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई करार दिया है।

गौरतलब है कि दीपक सिंगला 2024 विधानसभा चुनाव में दिल्ली की विश्वास नगर सीट से आप उम्मीदवार रह चुके हैं। ईडी का कहना है कि यह मामला बैंक लोन फ्रॉड और उससे जुड़े धन शोधन नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। एजेंसी इससे पहले भी 2024 में उनके ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। फिलहाल सिंगला से पूछताछ जारी है और उनके वित्तीय लेनदेन की गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद दिल्ली की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आप ने इसे पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दीपक सिंगला को किसी गलत काम के कारण नहीं, बल्कि राजनीतिक कारणों से गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सिंगला को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का विरोध किया और पार्टी में शामिल होने से इनकार कर दिया। उन्होंने सिंगला को 'बहादुर' बताते हुए कहा कि वह देश के लिए लड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, बीजेपी नेताओं का कहना है कि जांच एजेंसियां केवल सबूतों के आधार पर कार्रवाई कर रही हैं और इस मामले को राजनीतिक रंग देना उचित नहीं है। उनका कहना है कि कानून अपना काम कर रहा है और दोषी पाए जाने पर ही कार्रवाई की जाती है।

# दुनिया के सबसे प्रदूषित और समृद्ध शहरों में भारत के 138 शहर शामिल

**-नेचर सिटीज अध्ययन में खुलासा—आर्थिक विकास के साथ बढ़ रहा प्रदूषण**

**-स्वच्छ शहरीकरण में चीन समेत कई देश आगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के तेजी से विकसित हो रहे शहरों में प्रदूषण और आर्थिक समृद्धि के बीच गहरा संबंध सामने आया है। भारत के अनेक बड़े शहर आर्थिक विकास के साथ-साथ प्रदूषण की गंभीर चुनौती का भी सामना कर रहे हैं। अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया के 390 ऐसे शहरों में, जिन्हें ÷सबसे अधिक प्रदूषित और समृद्ध÷ श्रेणी में रखा गया, उनमें 138 शहर भारत के हैं। यह कुल संख्या का लगभग 35.4 प्रतिशत है।

शोधकर्ताओं ने 2019 से 2024 के बीच दुनिया के 5,435 शहरों का अध्ययन किया। इसके लिए उपग्रह आधारित नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, डेटा और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमानों का उपयोग किया गया। अध्ययन के मुताबिक, भारत में शहरी विकास अब भी बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन, उद्योग और बिजली उत्पादन पर निर्भर है, जिसके कारण आर्थिक प्रगति के साथ प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों में स्वच्छ विकास की दिशा में कुछ सकारात्मक संकेत जरूर दिखाई दिए हैं, लेकिन अधिकांश भारतीय शहर अब भी प्रदूषण कम करने में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए हैं। इसके विपरीत चीन और कई अन्य देशों ने स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ शहरीकरण के जरिए प्रदूषण नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति की है।

आर्थिक दृष्टि से भारत के प्रमुख शहरों में मुंबई सबसे आगे है। 'हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025' के अनुसार, मुंबई में 91 अरबपति रहते हैं, जिससे यह देश का सबसे अमीर शहर बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर करीब 26.33 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं कोलकाता पूर्वी भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र माना जाता है।

आईटी और स्टार्टअप हब के रूप में पहचान बना चुका बेंगलुरु लगभग 9.86 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था के साथ देश की तकनीकी राजधानी बना हुआ है। वहीं चेन्नई, जिसे 'ऑटो कैपिटल ऑफ इंडिया' कहा जाता है, करीब 7.05 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी के साथ ऑटोमोबाइल, आईटी और हेल्थकेयर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को आर्थिक विकास के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन और हरित तकनीकों को तेजी से अपनाने की जरूरत है, ताकि आने वाले वर्षों में शहरी प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**